# हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी





जिसकी कार में लाश मिली वह बेगुनाह, भीड़ ने उसी की कर दी जमकर पिटाई, घर में तोड़फोड़, आगजनी

कलयुगी चाचा ने घरवालों को गुमराह करने 12 घंटे तक छिपाई रखी जानकारी



हैवी ड्यूटी बॉयो डाईजेस्टर अन्डरग्राउण्ड सेप्टिक टैंक

GUJRAAJ

9977737216


# चाचा ही निकला मासूम का गुनहगार

## रेप और कत्ल के बाद किसी और की कार में डाला था शव

*भिलाई समेत पूरे प्रदेश को झकझोरने वाली बच्ची के रेप और मर्डर केस का गुनहगार उसका नशेड़ी चाचा ही निकला। उसने नशे में धुत होकर बच्ची से दुराचार किया और फिर हत्या के बाद उसका शव किसी कार में डाल दिया। मोहल्ले वालों ने कार मालिक को ही आरोपी समझा और उसकी जमकर पिटाई कर दी। उसके घर में तोड़फोड़ कर आग भी लगा दी। अब जांच में चाचा की करतूत खुली है। पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर लिया है।*

हरिभूमि न्यूज ▸▸| भिलाई

हरिभूमि फॉलोअप

रविवार रात हुई इस घटना के बाद से मोहन नगर थाना में तनाव की स्थिति बनी हुई है। बीती रात घटना की जानकारी के बाद इस पूरे मामले की जांच पुलिस ने की। रात में सबसे पहले बच्ची को कार में कार के मालिक बादल ने देखा। मोहल्लेवासियों ने उसे ही आरोपी समझकर पीटना शुरू कर दिया। उसके अलावा उसके जीजा अनुराग से भी मारपीट की गई। ▸▸|शेष पेज 7 पर


कन्या भोज के लिए निकली बच्ची का अपहरण, अधमरी हालत में फेंका, मां बोली- रेप हुआ, पुलिस ने कहा- करंट से मौत की आशंका


आरोपी चाचा

### रोती हुई मां बोली- फांसी दो..

पीड़ित बच्ची की मां ने हरिभूमि से बातचीत में रोते हुए बताया कि हर रोज की तरह बेटी सुबह उठी, राम नवमी का दिन होने की वजह ▸▸|शेष पेज 7 पर

### थाने में तोड़फोड़, हंगामा

इस मामले को लेकर पहले बच्ची के ओमनगर उरला में जमकर हंगामा हुआ। उद्धेलित भीड़ ने बादल की कार में तोड़फोड़ की। इसके ▸▸|शेष पेज 7 पर

# खरसिया-परमालकसा नई रेल लाइन में दौड़ेंगी आठ ट्रेनें, बनेंगे 21 स्टेशन और 48 बड़े ब्रिज

हरिभूमि न्यूज ▸▸| बिलासपुर

केंद्रीय कैबिनेट की ओर से मंजूर खरसिया-नया रायपुर-परमालकसा रेल प्रोजेक्ट छत्तीसगढ़ के कई इलाकों को जोड़ेगा। सोमवार को रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने मीडिया से बातचीत बताया कि इस प्रोजेक्ट पर 8741 करोड़ रुपये खर्च होंगे। इससे पूरे छत्तीसगढ़ को एक छोर से दूसरे छोर तक कवरेज मिलेगा। खरसिया-परमालकसा 5वीं-6वीं रेल लाइन ओडिशा की सीमा से महाराष्ट्र की सीमा तक रेल नेटवर्क की सुविधा प्रदान करेगी। छत्तीसगढ़ के रायगढ़, जांजगीर चांपा, ▸▸|शेष पेज 7 पर

- परियोजना से छग के रायगढ़ जांजगीर चांपा बिलासपुर बलौदा बाजार दुर्ग और राजनांदगांव जिले जुड़ेंगे



**इस साल पूरा होगा स्टेशनों का विकास कार्य:** रेल मंत्री ने कहा कि कांग्रेस की अगुवाई वाली यूपीए सरकार के दौरान छत्तीसगढ़ को लगभग 3 सौ करोड़ का रेलवे फंड मिलता था। वहीं प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ का रेलवे बजट अब 22 गुना बढ़कर लगभग 6900 करोड़ से ज्यादा हो गया है। छत्तीसगढ़ में रेलवे का कुल निवेश 47 हजार करोड़ से अधिक है। इसके तहत 32 स्टेशनों का पुनर्निर्माण हो रहा है, और इन्हें पूरी तरह नया बनाया जा रहा है। इनमें से कई स्टेशनों के विकास का कार्य इस साल के अंत तक पूरा हो जाएगा।

### मेल व एक्सप्रेस ट्रेनों का होगा संचालन

इस प्रोजेक्ट में 615 किलोमीटर लंबी पटरियां बिछेंगी, जिसमें 278 किलोमीटर का रूट है। इस रूट के निर्माण के बाद 8 से ज्यादा मेल/एक्सप्रेस ट्रेनों का संचालन किया जाएगा। इस रेल नेटवर्क के निर्माण से करीब 22 करोड़ लीटर डीजल बचेगा और रेलवे को लगभग 2500 करोड़ रुपये के डीजल की बचत होगी। रेल मंत्री ने कहा कि भगवान राम के वनवास के दौरान माता शबरी के प्रसंग से जुड़े लक्ष्मी नारायण मंदिर का ▸▸|शेष पेज 7 पर


सुशासन तिहार 2025

25 रजत जयंती छत्तीसगढ़

समस्याओं का समाधान

आपके शहर, आपके ग्राम

08 अप्रैल से 31 मई, 2025

प्रथम चरण: समस्या संबंधी आवेदन (08 से 11 अप्रैल, 2025)

द्वितीय चरण: आवेदनों का निराकरण (लगभग 01 माह)

तृतीय चरण: समाधान शिविर (05 से 31 मई, 2025)

संवाद से समाधान तक

श्री नरेंद्र मोदी
माननीय प्रधानमंत्री

श्री विष्णु देव साय
माननीय मुख्यमंत्री, छत्तीसगढ़

सुशासन से समृद्धि की ओर



IB GROUP ABIS

विकसित पोल्ट्री राष्ट्र, विकसित छत्तीसगढ़
के लिए आईबी ग्रुप की एक मुहिम

श्री सुल्तान अली — सीएमडी, आईबी ग्रुप
श्री बहादुर अली — एमडी,आईबी ग्रुप
ज़ोया आफ़रीन आलम — डायरेक्टर, आईबी ग्रुप

देश का सबसे बड़ा पोल्ट्री कॉन्क्लेव

8 - 9 अप्रैल, 2025

हॉटेल ओमाया गार्डन, वीआईपी रोड, रायपुर
(6000 से अधिक पोल्ट्री फार्मर्स और ट्रेडर्स)

विशेष संवाद:
श्री बहादुर अली एमडी,आईबी ग्रुप
"भारत में आधुनिक पोल्ट्री के जनक"

कॉन्क्लेव का उद्देश्य:
पोल्ट्री सेक्टर में भविष्य की संभावनाएं | पोल्ट्री विशेषज्ञों द्वारा टेक्नीकल सेशन | नए व्यवसायिक अवसर

सामाजिक उत्तरदायित्व

परिवर्तन परियोजना
पोल्ट्री फार्मिंग हेतु 100 करोड़ सब्सिडी आबंटित एवं अगले 3 वर्षों में 100 करोड़ सब्सिडी देने की योजना

अस्मिता योजना
मोहला-मानपुर की महिलाओं के सफल प्रशिक्षण के बाद अम्बिकापुर और जगदलपुर का लक्ष्य

प्रोटीन फॉर ऑल
हर घर में प्रोटीन पहुंचाकर स्वस्थ भारत का निर्माण

विस्तार योजना
गाँव- गाँव में प्रोटीन उपलब्ध कराने हेतु 1,000 पोल्ट्री ट्रांसपोर्ट वाहनों के लिए 21 करोड़ रुपए की सब्सिडी

स्वस्थ भारत का सपना अब होगा साकार
घर-घर एबीस प्रोटीन बनेगा सबका आहार

अधिक जानकारी के लिए- 7610255555 poultry@ibgroup.co.in



## ध्रुवागुड़ी में अश्लील टिप्पणी पर महिलाओं का फूटा गुस्सा

## घर से निकालकर आरोपी की सरेराह पिटाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गरियाबंद

जिले के ग्राम ध्रुवागुड़ी में रविवार सुबह उस समय हड़कंप मच गया जब गांव की महिलाओं ने एक युवक की सरेराह पिटाई कर दी। आरोप है कि ढेलू राम कश्यप नामक युवक ने गांव के एक व्हाट्सएप ग्रुप में एक महिला को लेकर आपत्तिजनक और अश्लील टिप्पणी की थी, जिससे नाराज होकर दर्जनों महिलाओं ने तड़के सुबह 5 बजे युवक को उसके घर से बाहर खींचा और पूरे गांव में घुमाते हुए उसकी जमकर पिटाई की। महिलाओं का आक्रोश इतना ज्यादा था कि वे उसे खुद थाना इंदागांव तक ले गईं। इस पूरी घटना का वीडियो भी सोशल मीडिया में तेजी से वायरल हो रहा है, जिसमें महिलाएं युवक को पीटते और उसके कृत्य पर नाराजगी जताते नजर आ रही हैं।





### पुलिस ने समझाइश देकर भेजा

घटना की शिकायत इंदागांव थाना में जरूर पहुंची। लेकिन दोनों पक्षों में आपसी समझौता हो जाने के कारण पुलिस ने किसी तरह की रिपोर्ट दर्ज नहीं की। पुलिस ने समझाइश देकर सभी को वापस भेज दिया है। इंदागांव थाना प्रभारी जितेंद्र विजयवार ने मामले की पुष्टि करते हुए बताया कि युवक के माफीनामे के बाद फिलहाल समझौता हुआ है, लेकिन पुलिस ने एहतियातन उसे प्रतिबंधात्मक कार्रवाई की गई है। उन्होंने बताया कि घटना चुनावी रंजिश से जुड़ा हुआ है। मैनपुर एसडीओपी पुलिस विकास पाटले ने मामले की पुष्टि करते हुए बताया इस मामले में कार्रवाई की जा रही है।

### चुनाव से जुड़ी रंजिश भी एक कारण?

स्थानीय लोगों का मानना है कि इस पूरे घटनाक्रम के पीछे पंचायत चुनाव से जुड़ी पुरानी रंजिश भी एक कारण हो सकती है। हालांकि पुलिस ने इस एंगल की पुष्टि नहीं की है।

**सबकः** यह खबर हम सबको याद दिलाती है लोकतंत्र में हार को स्वीकार करना और महिलाओं का सम्मान करना दोनों जरूरी है।

## खबर संक्षेप



### राजधानी में आधा दर्जन नए बाजार का प्लान

रायपुर। शहर के विस्तार को ध्यान में रखते हुए नगर निगम आने वाले दिनों में आधा दर्जन स्थानों पर नए बाजार विकसित करने की तैयारी में है। इसके लिए जोनवार मंगाए गए प्रस्ताव में 3 जोन में 6 स्थानों पर मार्केट डेवलपमेंट प्लान बनाकर प्रस्ताव निगम मुख्यालय भेजे हैं। जहां से प्रस्ताव नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग को मंजूरी के लिए भेज दिया गया। मंजूरी मिलते ही मार्केट डेवलपमेंट प्लान पर कार्य किया जाएगा। शहर को महानगर के अनुरूप सुव्यवस्थित करने रायपुर नगर निगम ने मार्केट डेवलपमेंट प्लान बनाया है। इसके लिए पूर्व में सभी 10 जोन को पत्र लिखकर जगह चिन्हांकन कर प्रस्ताव बनाकर भेजने कहा गया। प्रोजेक्ट से जुड़े अधिकारियों ने हरिभूमि को बताया कि शहर के 2 स्थानों को पीपीपी मोड में वेंडिंग जोन बनाने के लिए तैयार किया गया है। इसमें जोन 4 और जोन 9 का क्षेत्र शामिल है।

### सोनी बने छत्तीसगढ़ मध्यप्रदेश के नए प्रधान आयकर आयुक्त

**रायपुर।** केंद्रीय वित्त मंत्रालय ने 19 आईटी कमिश्नरेट के प्रधान आयकर आयुक्त तथा डीजी आयकर अन्वेषण की नियुक्तियां की हैं। जिन आयकर अफसरों को नियुक्ति की गई है, इनमें नवरतन सोनी छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश के नए प्रधान आयकर आयुक्त नियुक्त किए गए हैं। श्री सोनी उत्तर पूर्व क्षेत्र गुवाहाटी से स्थानांतरित किए गए हैं। उनका मुख्यालय भोपाल होगा। नए आयकर आयुक्त की नियुक्ति के पूर्व मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़ अब तक कानपुर कमिश्नर कृष्ण मुरारी के प्रभार में था। इनके अलावा डेढ़ दर्जन अतिरिक्त और संयुक्त आयुक्त की पदोन्नति के साथ-साथ उनके भी तबादले किए गए हैं। इनमें अतिरिक्त आयुक्त धर्मेन्द्र सिंह, रत्नेश कुमार शर्मा, संजय पाण्डेय, मौसमी मित्रा, एसजी मून, रमाकांत प्रधान, पायल प्रकाश, गार्गी चौहान, संदीप आहुजा, एस. भुवनेश्वरी, कुणाल किशोर, विशाखा सिंह, प्रद्युम्न मीणा, सौरभ शर्मा, सागर श्रीवास्तव, तरन्नुम वर्मा और कपिल कपूर शामिल हैं।

### कम दहेज लाने के विवाद पर पत्नी की हत्या

**रायपुर।** कम दहेज लाने के विवाद पर पति ने पत्नी के साथ मारपीट कर, गला दबाकर उसकी हत्या कर दी। कबीर नगर थाने की पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। पत्नी की हत्या के आरोप में पुलिस ने प्रिंस सिंह को गिरफ्तार किया है। प्रिंस पर अपनी पत्नी सुहाना उर्फ कंचन की हत्या करने का आरोप है। प्रिंस का गुरुवार को अपनी पत्नी के साथ विवाद हुआ। इस दौरान प्रिंस ने अपनी पत्नी के साथ मारपीट करते हुए उसका गला दबा दिया। गला दबाने से महिला बेहोश हो गई, जिसे प्रिंस ने निजी अस्पताल में उपचार के लिए दाखिल किया, उपचार के दौरान सुहाना की मौत हो गई। प्रिंस अपनी मां के प्रॉपर्टी डीलिंग का काम देखता है। दूसरी तरफ पड़ोसी युवती के बात नहीं करने से नाराज युवक ने उसके साथ मारपीट कर जांघ पर चाकू से हमला किया। घटना ब्राह्मणपारा स्थित शुक्ला बाड़ा आजाद चौक थाना क्षेत्र की है।

लोन वर्राटू घर वापस आईये अभियान से हुए प्रभावित

# तीन ईनामी सहित 26 माओवादियों ने किया समर्पण, कई नक्सली वारदातों में रहे शामिल

**3 लाख, एक लाख और 50 हजार रुपए इनाम तीन नक्सलियों पर था घोषित**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दंतेवाड़ा

खास खबर

आत्मसमर्पित माओवादी राजेश कश्यप आमदई एरिया जनमिलिशयिा कमाण्डर के पद पर सक्रिय था जिसपर छग शासन द्वारा 3 लाख रुपए ईनाम है। आत्मसमर्पित माओवादी कोसा माड़वी जनताना सरकार अध्यक्ष के पद पर सक्रिय था जिसपर शासन द्वारा 1 लाख रुपए ईनाम घोषित है। आत्मसमर्पित माओवादी छोटू कुंजाम सीएनएम सदस्य के पद पर सक्रिय था जिसपर शासन द्वारा 50 हजार रूपये ईनाम घोषित है। आत्मसमर्पित सभी माओवादी अपने-अपने क्षेत्र में रोड खोदने एवं नक्सली बैनर, पोस्टर लगाने की घटना में शामिल थे।

जिले में चलाये जा रहे लोन वर्राटू घर वापस आईये अभियान से प्रभावित होकर 3 ईनामी सहित 26 माओवादियों ने किया आत्मसमर्पण किया है। आत्मसमर्पित माओवादियों में 1 आमदई एरिया जनमिलिशिया कमाण्डर, 1 गमपुर आरपीसी जनताना सरकार अध्यक्ष, 20 बेचापाल आरपीसी मिलिशिया, सीएनएम एवं डीएकेएमएस सदस्य, 3 केशकुतुल आरपीसी मिलिशिया एवं डीएकेएसएस सदस्य, 1 गुड़से आरपीसी डीएकेएमएस सदस्य के पद पर सक्रिय थे।

### समर्पण कराने में इनका रहा योगदान

उक्त माओवादियों को आत्मसमर्पण कराने में आरएफटी , 111वीं वाहिनी सीआरपीएफ, 195 वीं वाहिनी सीआरपीएफ , 230वीं वाहिनी सीआरपीएफ, एवं 231वीं वाहिनी सीआरपीएफ का विशेष योगदान रहा।आत्मसमर्पित माओवादियों को नवनिर्मित पुनर्वास नीति के तहत 50 हजार रुपए की सहायता राशि के साथ छत्तीसगढ़ शासन द्वारा मिलने वाली अन्य सुविधायें जैसे स्किल डेवलपमेंट हेतू प्रशिक्षण, कृषि भूमि इत्यादि मुहैया कराई जाएगी। लोन वर्राटू अभियान के तहत अब तक 224 ईनामी सहित कुल 953 माओवादियों ने आत्मसमर्पण कर समाज के मुख्यधारा में जुड़ चुके हैं।




### शीर्ष सहित भटके हुए माओवादी लगातार कर रहे आत्मसमर्पण

नक्सल उन्मूलन लोन वर्राटू अभियान के तहत जिला पुलिस बल और सीआरपीएफ के द्वारा भटके हुए माओवादियों को समाज की मुख्यधारा में जोड़ने के लिए लगातार संपर्क एवं संवाद कर शासन की नक्सल पुनर्वास नीति का व्यापक प्रचार-प्रसार गांव-गांव तक किया जा रहा है। इसके प्रभाव में लगातार शीर्ष माओवादियों सहित भटके हुए माओवादियों द्वारा आत्मसमर्पण किया जा रहा है। 7 अप्रैल को डीआरजी कार्यालय में आत्मसमर्पण किया।

### इन्होंने किया समर्पण

राजेश कश्यप निवासी बोदली, कोसा माड़वी निवासी किरन्दुल, छोटू कुंजाम बेचापाल, कुमारी रीना ओयाम बेचापाल, महेश उर्फ बंडरा कड़ती बेचापाल, डोमेश्वर उर्फ गुड्डी ओयाम बेचापाल, लच्छू उर्फ पटेल ओयाम बेचापाल, मनोज उर्फ डोग्गा ओयाम बेचापाल, रामदेई कड़ती, शंकर उर्फ सुक्कू ओयाम, लक्खू उर्फ कुंडा राम ओयाम, मोटू पुनेम, रमेश हेमला, लक्ष्मण उर्फ नूली ओयाम, कुमारी रीना उर्फ वेत्तेम पदाम, दशरू उर्फ डोग्गा ओयाम, सन्नू तेलाम, सुदरू उर्फ मोक्को ओयाम, आयतु उर्फ गुट्टा ओड़ी, राकेश उर्फ पण्डरू, दयालू लेकाम, सन्नू कोवासी उर्फ सन्नो, छोटू पदाम, सुपा उर्फ चन्द्ररू पदाम, सन्नू कवासी ने किया समर्पण।

### 12वीं में जोड़े गए 4 नए स्किल इलेक्टिव विषय, इनमें 50 अंकों की थ्योरी व 50 अंकों का प्रैक्टिकल

**रायपुर।** केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड ने स्कूलों में नए शैक्षणिक सत्र के लिए नौवीं से बारहवीं कक्षाओं के लिए पाठ्यक्रम जारी कर दिया है। बारहवीं के पाठ्यक्रम में बोर्ड ने स्किल इलेक्टिव विषयों के ग्रुप में चार विषयों को जोड़ा है, इनमें लैंड ट्रांसपोर्टेशन एसोसिएट, इलेक्ट्रॉनिक्स हार्डवेयर, डिजाइन थिंकिंग एंड इनोवेशन व फिजिकल एक्टिविटी ट्रेनर शामिल हैं।

बारहवीं के इन चारों स्किल इलेक्टिव विषयों में पचास अंकों की थ्योरी व पचास अंकों का प्रैक्टिकल होगा। इन विषयों को जोड़ने के पीछे बोर्ड का उद्देश्य बच्चों को किताबी ज्ञान देने के साथ-साथ काम करने के लिए जरूरी चीजें भी सिखाना है। इसके अलावा बोर्ड 8 अप्रैल से 13 मई तक कॅरियर काउंसलिंग वेबिनार श्रृंखला आयोजित करने जा रहा है। स्कूल प्रिंसिपल, काउंसलर, शिक्षक, छात्र व अभिभावक इन श्रृंखलाओं का लाभ ले सकेंगे। सीबीएसई के अनुसार, इन सत्रों का उद्देश्य करियर परामर्श में स्कूल प्रिंसिपलों, शिक्षकों और परामर्शदाताओं के पेशेवर विकास को बढ़ाना है, साथ ही छात्रों और अभिभावकों के लिए कॅरियर संबंधी निर्णय लेने को बढ़ावा देना है।

#### नए पाठ्यक्रम के आधार पर मूल्यांकन

नौवीं व दसवीं के पाठ्यक्रम में दो भाषा (एक भाषा अनिवार्य व एक अन्य भाषा), सोशल साइंस, गणित, साइंस कोर विषयों के अलावा व वैकल्पिक विषय के रूप में किसी स्किल विषय व हेल्थ एंड फिजिकल एजुकेशन, आर्ट एजुकेशन को पढ़ना होगा। वहीं, अब छात्रों को तीन स्किल-आधारित सब्जेक्ट्स स्कूल कंप्यूटर ऐप्लिकेशन, इंफोर्मेशन टेक्नोलॉजी व आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस में से भी एक का चुनाव करना होगा। इस नए पाठ्यक्रम के आधार पर छात्रों का मूल्यांकन होगा।



## एनएमडीसी स्टील प्लांट के कोक ओवन में गैस लीकेज

**चिमनी से धुएं का गुबार निकला, आगजनी में जनहानि नहीं**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

नगरनार स्थित एनएमडीसी स्टील प्लांट के कोक ओवन प्लांट में सोमवार दोपहर लगभग 3 बजे आगजनी की घटना होने से समूचे प्लांट व नगरनार बस्ती धुंए के गुबार और दुर्गंध से प्लांट में कार्यरत सैकड़ों अधिकारी-कर्मचारी एवं नगरनार गांव के लोग दहशत रही। इस घटना से कोई जनहानि तो नहीं हुई अलबत्ता कम्पनी को प्रोडक्शन बन्द होने और आगजनी से लाखों के नुकसान की आशंका जताई जा रही है। वास्तविक चीजें प्लांट से बाहर नहीं आ सका। हालांकि एकाएक प्लांट से उठे धुआं का गुबार इतना भयंकर था कि इसकी लपटे पड़ोसी प्रांत ओडिशा के कोटपाड़ के लोगों तक को इसकी जानकारी मिल गई। इधर सम्भाग मुख्यालय से सटे मारकेल, आमागुड़ा, सेमरा तक धुंआ देखा गया। सूत्रों से मिली जानकारी अनुसार सोमवार दोपहर लगभग 3 बजे मुख्य बिजली लाइन 132 केवी से शार्ट डाउन होने से कोक ओवन पाइप लाइन से गैस लीकेज होने से आगजनी की घटना हुई। समय रहते फायर ब्रिगेड के दल के अथक प्रयास से आग को बुझाया गया। तब जाकर प्रबंधन को बड़ी राहत मिली।



### आधे घंटे के भीतर सब सामान्य हो गया

परचनपाल 132 केवी मुख्य लाइन से शर्ट डाउन होने से सामान्य आगजनी हुई, जिसमे चिमनी से ज्यादा धुआं निकलने से लोग असहज महसूस किए। आधा घंटे के भीतर सब सामान्य हो गया। कहीं कोई जनहानि अथवा नुकसान नही हुआ।

\- रफीक अहमद जिनबाड़े, महाप्रबंधक एवं संचार प्रमुख
एनएमडीसी स्टील प्लांट, नगरनार

**शिक्षकों को निर्देश**

## छात्रों में टेक्नोलॉजी की समझ बढ़ाएं, सवाल-जवाब के पैटर्न पर हो पढ़ाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड के अंतर्गत संचालित होने वाले विद्यालयों में एक अप्रैल से नवीन शैक्षणिक सत्र की शुरुआत हो चुकी है। छात्रों की पढ़ाई नए सिलेबस से कराई जा रही है। सीबीएसई ने कक्षा 10वीं और 12वीं के शैक्षणिक सत्र 2025-26 के लिए पूर्व में ही नया सिलेबस जारी कर दिया था। सीबीएसई के इस नए सिलेबस में शैक्षणिक सामग्री में बदलाव के साथ सीखने से प्राप्त हुए परिणाम की मॉनिटरिंग शामिल हैं। सीबीएसई ने 10वीं के छात्रों के लिए दो बोर्ड परीक्षाएं आयोजित करने, योग्यता-आधारित प्रश्नों को बढ़ाने और रीचेकिंग प्रक्रिया में सुधार सहित कई बदलाव इस सत्र से लागू किए हैं। ऐसे में बदलावों के आधार पर ही छात्रों को अध्ययन कराया जा रहा है।

## छत्तीसगढ़ में आज से सुशासन तिहार

**11 तक लिए जाएंगे आवेदन, तीन चरणों में चलेगा अभियान**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व वाली राज्य की भाजपा सरकार अब प्रदेश में सुशासन तिहार अभियान शुरू करने जा रही है। यह तिहार तीन चरणों में होगा। पहले चरण में 8 से 11 अप्रैल तक आवेदन लिए जाएंगे। दूसरे चरण में लगभग एक माह आवेदनों का निराकरण किया जाएगा। तीसरा चरण समाधान शिविरों का होगा, जिसकी अवधि 5 से 31 मई 2025 निर्धारित की गई है। इस अभियान के संबंध में पिछले दिनों मुख्यमंत्री श्री साय ने राज्य के सभी कलेक्टरों को पत्र लिखकर अभियान संचालित करने की जिम्मेदारी सौंपी है। इधर अभियान शुरु होने से पहले राज्य के कलेक्टरों ने बैठकें लेकर तैयारी तेज कर दी है।



### ऐसे होगा आवेदनों का निपटारा

आवेदनों का निराकरण प्राप्त आवेदनों को स्केन कर सॉफ्टवेयर में अपलोड किया जाए तथा इन आवेदनों को निराकरण हेतु संबंधित जिला,जनपद, नगरीय निकाय के अधिकारियों को ऑनलाइन व भौतिक रूप से भेजा जाएगा। संबंधित विभाग या अधिकारी इन आवेदनों में दर्ज शिकायतों - समस्याओं का निराकरण एक माह की अवधि में करेंगे।

### आवेदन प्राप्ति से समाधान तक


अभियान के तहत सबसे पहला काम आवेदन प्राप्ति का होगा। आम जनता से उनकी समस्याओं के संबंध में आवेदन, 07 अप्रैल से 10 अप्रैल 2025 अर्थात 04 दिनों तक, पंचायत मुख्यालयों व स्थानीय निकायों के कार्यालयों में सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे तक, प्राप्त किए जाएंगे। आवेदन प्राप्ति स्थलों पर रखी जाने वाली पेटी को 'समाधान पेटी' का नाम दिया जाएगा। जिला तथा विकासखण्ड मुख्यालयों, ग्राम पंचायतों, नगरीय निकायों में भी आवेदन प्राप्त करने के लिए 'समाधान पेटी' की व्यवस्था की जाएगी, ताकि जनता बेहिचक और बेझिझक अपने मन की बात लिखकर दे सकें।

**रेलवे बोर्ड से अनुमति के बाद तीसरी लाइन पर शुरू होगा गाड़ियों का परिचालन**

## 2 साल में 500 से अधिक ट्रेन रद्द के बाद अनूपपुर-कटनी तीसरी रेल लाइन का काम पूरा, 165 किमी में बने 135 पुल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे ने मध्यप्रदेश में रेल नेटवर्क को मजबूत करने के लिए एक बड़ी उपलब्धि हासिल की है। अनूपपुर-कटनी तीसरी रेल लाइन परियोजना के 165.52 किलोमीटर का कार्य पूरा हो गया है। यह कार्य दो साल में पूरा किया गया। इस बीच 500 से अधिक ट्रेन रद्द हुई थी। यात्रियों को उस दौरान दिक्कतों का सामना करना पड़ था, लेकिन अब सफर अरामदायक होने वाला है। इस परियोजना पर 2311 करोड़ रुपए की लागत आई है। दुर्गम पहाड़ों और नदियों के बीच 27 बड़े और 108 छोटे पुलों का निर्माण किया गया है। अब ट्रेनों की गति बढ़ेगी और यात्रा अधिक सुरक्षित होगी। इससे पर्यटन को भी बढ़ावा मिलेगा। यह परियोजना पूरे क्षेत्र के विकास में मददगार साबित होगी।



### नई लाइन का स्पीड ट्रॉयल किया गया

मुख्य रेल संरक्षा आयुक्त ने आब्जर्वेशन कार के साथ स्पीड ट्रायल किया। उन्होंने बताया कि अनुमति के बाद इस तीसरी लाइन पर निर्बाध रूप से गाड़ियों का परिचालन प्रारंभ होगा, जिससे यात्रियों को गतिशील परिचालन का लाभ और सुरक्षित रेल सेवा प्राप्त होगी। निरीक्षण दल में मुख्य प्रशासनिक अधिकारी (निर्माण) आलोक तिवारी, मंडल रेल प्रबंधक राजमल खोईवाल सहित मंडल तथा मुख्यालय के संबंधित विभागों के अनेक अधिकारी शामिल थे।

### बांधवगढ़ राष्ट्रीय उद्यान पहुंचना होगा आसान

31 मार्च को इस परियोजना को कमीशन किया गया। बिलासपुर-कटनी मार्ग की यह तीसरी लाइन दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के प्रमुख शहरों को उत्तर भारत से जोड़ेगी। इसके अंतिम खंड बीरसिंहपुर-नौरोजाबाद-करकेली-उमरिया (29.52 किमी) की सीआरएस निरीक्षण प्रक्रिया पूरी हो चुकी है। रेल प्रशासन का कहना है कि इस परियोजना से बांधवगढ़ राष्ट्रीय उद्यान और अन्य पर्यटन स्थलों तक पहुंचना आसान होगा। नई ट्रेनों के संचालन से पर्यटकों को बेहतर सुविधाएं मिलेंगी। इससे स्थानीय अर्थव्यवस्था को भी फायदा होगा। इस परियोजना में कुल 17 स्टेशन हैं, जिनमें एक जंक्शन स्टेशन अनूपपुर है। इसके अलावा सिंहपुर और विलायतकलां में दो यात्री हॉल्ट भी बनाए गए हैं।

07- APR-CITY- MAIN- Pg- 3 FRINT_Layout 1 4/8/2025 12:32 AM Page 1

बिलासपुर, मंगलवार 8 अप्रैल 2025 | चैत्र शुक्ल पक्ष एकादशी | वर्ष : 25, अंक : 17 | पृष्ठ : 12+6+8 = 26 मूल्य : 5.00*** | haribhoomi.com

हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

## हरिभूमि को मिली रिपोर्ट में कई चौंकाने वाले तथ्य

मुआवजा लेने परिवार के कई सदस्यों में बंट गई जमीन

6 गांवों में 5 से 10 गुणा अधिक मुआवजे का भुगतान






एसडीएम-पटवारी ने मिलीभगत कर दस्तावेज में किया हेरफेर, शासन को लगाया चूना

भारतमाला...बड़ा घोटाला, विस में गूंजा

एसडीएम के बाद अब तहसीलदार सस्पेंड

246 करोड़ का मुआवजा बंटा

भारतमाला प्रोजेक्ट रायपुर में 48.73 किलोमीटर होगी

# एक खसरे के 12 टुकड़े और बांट दिए 84 लाख की जगह साढ़े सात करोड़ मुआवजा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

हरिभूमि फॉलोअप

रायपुर विशाखापट्टनम इकोनॉमिक कॉरीडोर की गड़बड़ी को लेकर सामने आई रिपोर्ट में लगातार चौंकाने वाले तथ्य सामने आ रहे हैं। इससे यह पता चलता है अफसरों और भूमाफियाओं ने किस तरह खसरे को बांटने का खेल किया और एक ही खसरे के 10 से 12 टुकड़े तक कर डाले। इसका एक चौंकाने वाला मामला सिर्फ टोकरो गांव में सामने आया है। हरिभूमि को मिली गड़बड़ी की रिपोर्ट में इस बात का उल्लेख है कि किस तरह टोकरो गांव में खसरा नंबर 32 के 12 टुकड़े, खसरा नंबर 82 के 5 टुकड़े, खसरा नंबर 3 के 6 टुकड़े और खसरा नंबर ▶▶| शेष पेज 7 पर



भारतमाला में गड़बड़ी की हरिभूमि को मिली रिपोर्ट, जानिए कैसे हुआ अधिसूचना के बाद भी नामांतरण, रजिस्ट्री का खेल

### एक परिवार को दो गांवों में मुआवजा

रसूखदारों ने मुआवजे का खेल ऐसा खेला कि एक ही नाम से जमीनें नायकबांधा में भी ले ली और उरला में भी ले ली। अभनपुर के नायकबांधा गांव में खसरा नंबर 1722/1 से लेकर 1722/5 तक जिस परिवार को लगभग पौने दो ▶▶| शेष पेज 7 पर

### एक-एक परिवार में करोड़ों मुआवजा

*नायकबांधा के संबंध में रिपोर्ट में इस बात की जानकारी है कि एक ही खसरा नंबर के टुकड़े किए गए और परिवार के सदस्यों के नाम ही जमीन कर दी गई। एक ही खसरे में तीन टुकड़े कर तीन भाईयों के नाम 45 लाख, 78 लाख और 57 लाख रुपए से अधिक का मुआवजा दे दिया गया। इसी तरह इसी खसरे के एक हिस्से में 46 लाख और 48 लाख रुपए का मुआवजा दे दिया गया है। रिपोर्ट में इस बात का उल्लेख है कि यह सभी सिंचित भूमि थी, जिसे परिवर्तित कर मुआवजे का खेल किया गया है।*

### 6 करोड़ की जगह 32 करोड़ बांटा मुआवजा

जमीनों की बंदरबांट कर मुआवजे का सबसे बड़ा खेल तो नायकबांधा गांव में हुआ। यहां पटवारी हल्का नंबर 49 में 13 मूल खातेदारों के खसरे के 54 टुकड़े कर दिए गए। इस तरह यहां मूल स्थिति में जो मुआवजा 6 करोड़ 7 लाख 94 हजार 805 रुपए का था। उसे पांच गुणा बढ़ाकर 32 करोड़ 9 लाख 10 हजार 409 रुपए वितरित कर दिया गया। इसी तरह ग्राम भेलवाडीह में एक जमीन के चार टुकड़े कर 30 लाख 44 हजार 78 रुपए मुआवजे की जगह 88 लाख 3 हजार 208 रुपए मुआवजा कर दिया गया।

## खबर संक्षेप

### आसाराम की अंतरिम जमानत अवधि बढ़ाई



**जोधपुर।** राजस्थान उच्च न्यायालय ने वर्ष 2013 में दुष्कर्म के एक मामले में स्वयंभू संत आसाराम की अंतरिम जमानत अवधि सोमवार को एक जुलाई तक के लिए बढ़ा दी। आसाराम ने 31 मार्च को अपनी अंतरिम जमानत अवधि पूरी होने के बाद एक अप्रैल को जोधपुर केंद्रीय कारागार में आत्मसमर्पण कर दिया था।

### तस्कर से 1.5 करोड़ की हेरोइन जब्त



**नई दिल्ली।** दिल्ली में मादक पदार्थ के एक तस्कर को गिरफ्तार कर उसके पास से उच्च गुणवत्ता वाली 315 ग्राम हेरोइन बरामद की गई है, जिसकी अंतरराष्ट्रीय बाजार में कीमत 1.5 करोड़ रुपए से अधिक है। दिल्ली के उस्मानपुर के रहने वाले आरोपी इमरान (39) को चार अप्रैल को कबीर नगर में शमशान घाट पुलिया के पास से उस समय गिरफ्तार किया गया था।

### एक ही परिवार के तीन लोग मृत पाए गए



**बरहमपुर।** ओडिशा के गंजाम जिले के पलिबंधा गांव में 45 वर्षीय एक महिला और उसके बेटे-बेटी की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। आशंका है कि तीनों ने कीटनाशक मिला चावल खाकर आत्महत्या की है। मृतकों की पहचान एस मामा रेड्डी (45), उनके बेटे राकेश (21) और बेटी मीना (18) के रूप में हुई है।

### गवाही वापस लेने से इंकार करने पर गोली मारी

**मुजफ्फरनगर।** मुजफ्फरनगर के छपार थाना क्षेत्र के बिजोपुरा गांव में हत्या के मामले में एक मुख्य गवाह पर कथित रूप से पांच लोगों ने गोलियां बरसा दीं जिससे उसकी मौत हो गई। मृतक की पहचान सलमान (35) के रूप में हुई है जो अपने भाई जैद की हत्या के मामले में मुख्य गवाह था। चार साल पहले मेरठ में जैद की हत्या कर दी गई थी।

## भारत समेत दुनियाभर के कई देशों में हाहाकार

# 'ट्रंप टैरिफ' से बाजार में भूचाल, एक ही झटके में 14 लाख करोड़ स्वाहा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

*अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के दुनियाभर में टैरिफ लगाने के बाद मार्केट में भूचाल आ गया है। भारत समेत लगभग हर देश की स्टॉक मार्केट धड़ाम हो गई। सोमवार को स्थानीय शेयर बाजार में बीएसई सेंसेक्स 2,226.79 अंक का गोता लगा गया, जबकि नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी 743 अंक लुढ़क गया। दस माह में यह शेयर बाजार में सबसे बड़ी गिरावट है। जापान, हॉन्ग कॉन्ग, ऑस्ट्रेलिया जैसे बड़े मार्केट्स में जबरदस्त गिरावट दर्ज की गई।*

अमेरिका के जवाबी शुल्क को लेकर चिंता के बीच सोमवार को भारत समेत दुनिया भर के बाजारों में बड़ी गिरावट आई। स्थानीय शेयर बाजार में बीएसई संसेक्स 2,226.79 अंक का गोता लगा गया, जबकि नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी 743 अंक लुढ़क गया। दस माह में यह शेयर बाजार में सबसे बड़ी गिरावट है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के शुल्क बढ़ाये जाने और चीन के जवाबी कदम से आर्थिक नरमी की आशंका के बीच बाजार में गिरावट आई है। तीस शेयरों पर आधारित बीएसई संसेक्स में लगातार तीसरे कारोबारी सत्र में गिरावट रही और यह 2,226.79 अंक यानी 2.95 प्रतिशत के नुकसान के साथ 73,137.90 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 3,939.68 अंक यानी 5.22 प्रतिशत तक लुढ़क गया था।

- संसेक्स 2,226.79 अंक और निफ्टी 743 अंक लुढ़का
- दस माह में यह शेयर बाजार में सबसे बड़ी गिरावट

### एशिया के बाजारों का ऐसा हाल

- चीन का शंघाई 5 फीसदी दबाव के साथ खुला
- हांगकांग का हैंगसेंग 13 प्रतिशत से अधिक गिर गया
- जापान का निक्की 225 लगभग आठ प्रतिशत टूटा
- शंघाई एसएसई कम्पोजिट सात प्रतिशत नुकसान
- दक्षिण कोरिया का कॉस्पी पांच प्रतिशत गिरा
- यूरोप के प्रमुख बाजारों में छह प्रतिशत की गिरावट



### वैश्विक बाजार में मंदी की आशंका

वैश्विक बाजार में मंदी की आशंकाओं के बीच सोमवार को स्थानीय शेयर बाजार में भारी गिरावट आने से निवेशकों के 14 लाख करोड़ रुपये डूब गए। बीएसई का 30 शेयरों पर आधारित मानक सूचकांक सेंसेक्स 2,226.79 अंक यानी 2.95 प्रतिशत टूटकर 73,137.90 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 3,939.68 अंक का गोता लगाते हुए 71,425.01 अंक पर आ गया था। बीएसई पर छोटी कंपनियों का स्मॉलकैप सूचकांक भी 4.13 प्रतिशत के नुकसान में रहा, जबकि मिडकैप में 3.46 प्रतिशत की गिरावट दर्ज की गई।

### एक्सपर्ट व्यू

### भविष्य को लेकर चिंता बढ़ी

एक्सपर्ट्स का कहना है कि टैरिफ के चलते दुनिया भर की अर्थव्यवस्थाएं प्रभावित होंगी और इसका कॉर्पोरेट अर्निंग पर असर पड़ेगा। इस आशंका से निवेशक घबरा गए हैं। इसलिए वे बिकवाली पर अधिक जोर दे रहे हैं, जिससे बाजार गिर रहा है।

### घट गई पूंजी

इस चौतरफा गिरावट का असर यह हुआ कि बीएसई पर सूचीबद्ध कंपनियों का कुल बाजार पूंजीकरण एक ही कारोबारी सत्र में 14,09,225.71 करोड़ रुपए घटकर 3,89,25,660.75 करोड़ रुपए (4.54 लाख करोड़ डॉलर) रह गया। हालांकि, कारोबार के अंतिम घंटे में निचले स्तर पर खरीदारी आने से निवेशकों के नुकसान में कमी आई। दोपहर के कारोबार में निवेशकों का नुकसान 20.16 लाख करोड़ रुपए तक पहुंच गया था।

### अमेरिकी निवेशकों को 420 लाख करोड़ रुपए का नुकसान

दूसरी तरफ, अमेरिकी बाजार की बात करें, डाओ फ्यूचर्स 1000 अंक गिरा, जबकि एसएंडपी फ्यूचर्स और नैस्डैक फ्यूचर्स 3फीसदी लुढ़क गए। इस गिरावट से अमेरिकी निवेशकों के 5 ट्रिलियन डॉलर (लगभग 420 लाख करोड़ रुपए) का नुकसान उठाना पड़ा है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप का यह बयान ऐसे समय में आया है, जब दुनिया भर के शेयर बाजारों में भारी गिरावट आई है। ट्रंप ने अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म ट्रुथ सोशल पर लिखा कि अमेरिका को चीन, यूरोपीय संघ और कई अन्य देशों के साथ भारी वित्तीय घाटा है। उन्होंने पूर्व राष्ट्रपति बाइडेन पर सरप्लस बढ़ाने का आरोप लगाया।

# गैस सिलेंडर 50 रुपए महंगा, पेट्रोल-डीजल पर दो रुपए बढ़ा उत्पाद शुल्क

**रायपुर में कीमत**

924 रुपए सामान्य उपभोक्ता

553 रुपए 'उज्ज्वला' योजना



हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली/रायपुर

सरकार ने सोमवार को रसोई गैस की कीमतों में 50 रुपए प्रति सिलेंडर की भारी बढ़ोतरी करने के साथ ही पेट्रोल और डीजल पर उत्पाद शुल्क भी दो रुपए प्रति लीटर बढ़ा दिया। हालांकि, पेट्रोल और डीजल की खुदरा कीमतों पर उत्पाद शुल्क में वृद्धि का कोई असर नहीं होगा। रसोई गैस की कीमत में यह बढ़ोतरी 'उज्वला' योजना के तहत लाभान्वित गरीबों और सामान्य उपयोगकर्ताओं दोनों के लिए होगी।

### बढ़ेंगे दाम

इसके साथ ही सरकार ने पेट्रोल और डीजल पर लगने वाले उत्पाद शुल्क में भी दो-दो रुपये प्रति लीटर की बढ़ोतरी की है लेकिन इससे खुदरा कीमतों में कोई बदलाव नहीं होगा। यह बढ़ोतरी अंतरराष्ट्रीय स्तर पर कच्चे तेल कीमतों में गिरावट से पेट्रोलियम कंपनियों को होने वाले लाभ से समायोजित हो जाएगी।

### सिलेंडर के क्यों बढ़ाए दाम

पेट्रोलियम मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने कहा कि ऑयल मार्केटिंग कंपनियों को लागत से कम कीमत पर सिलेंडर बेचने के कारण लगभग 41,000 करोड़ रुपए का नुकसान हुआ है। इस घाटे को कम करने के लिए कीमतें बढ़ाने का फैसला लिया गया। दिल्ली में रसोई गैस की कीमत 1,028.50 रुपये प्रति सिलेंडर होनी चाहिए थी।

# सऊदी अरब ने भारत-पाक समेत 14 देशों पर लगाया वीजा बैन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली




सऊदी अरब ने भारत-पाकिस्तान समेत दुनिया के कुल 14 देशों के वीजा पर अस्थायी बैन लगा दिया है। सऊदी अरब की सरकार का यह अस्थायी बैन बिजनेस और फैमिली वीजा के साथ-साथ उमराह वीजा भी लागू होगा। उल्लेखनीय है कि क्राउन प्रिंस मोहम्मद बिन सलमान के नेतृत्व वाली सऊदी सरकार ने यह बैन बिना रजिस्ट्रेशन के दूसरे देशों के लोगों के हज में शामिल होने से रोकने के लिए लगाया है। हालांकि यह अस्थायी बैन सभी देशों पर मध्य जून यानी इस साल हज पूरा होने तक ही जारी रहेगा, उसके बाद वीजा प्रोग्राम को फिर से सामान्य तौर पर लागू कर दिया जाएगा। सऊदी अरब के अधिकारियों ने कहा कि उमराह वीजा के लिए विदेशी 13 अप्रैल तक ही आ सकते हैं। 13 अप्रैल के बाद उमराह वीजा को रोक दिया जाएगा।

- हज की सुरक्षा को ध्यान में रखकर अस्थायी

# वक्फ कानून पर जल्द सुनवाई की मांग, सीजेआई बोले-करूंगा विचार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट ने वक्फ संशोधन अधिनियम 2025 को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर जल्द सुनवाई की मांग पर विचार करने का भरोसा दिया। इससे पहले, याचिकाकर्ताओं ने शीर्ष अदालत से वक्फ संशोधन अधिनियम को चुनौती देने वाली याचिकाओं का उल्लेख करते हुए, इस पर जल्द सुनवाई करने का आग्रह किया। मुख्य न्यायाधीश न्यायाधीश की पीठ के समक्ष जमीयत उलेमा-ए-हिंद की ओर से कपिल सिब्बल ने याचिकाओं का उल्लेख किया।



### जम्मू-कश्मीर विस में फाड़ी बिल की कापी

जम्मू-कश्मीर विधानसभा में सोमवार को नए वक्फ कानून पर हंगामा हुआ। नेशनल कॉन्फ्रेंस के विधायक ने सदन में कानून की कॉपी फाड़ दी। एक एनसी विधायक ने अपनी जैकेट फाड़कर सदन में लहराई।

### भाजपा नेता का जलाया घर

इधर, मणिपुर के थोउबल जिले में भीड़ ने नए वक्फ कानून का समर्थन करने पर भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष असगर अली मकाकमयुम के घर में तोड़फोड़ की और आग लगा दी।

### अब तक 11 याचिकाएं

नए वक्फ कानून की संवैधानिकता के खिलाफ जमीयत उलेमा-ए-हिंद के अलावा सुप्रीम कोर्ट में 11 याचिकाएं दाखिल की जा चुकी हैं।

## घरेलू कारणों से तनाव में रहता था युवक

# छह साल के बेटे की हत्या कर फंदे पर झूला गया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| धमतरी



- धमतरी जिले के ग्राम बोड़रा बलियारा की घटना

घरेलू कारणों से मानसिक तनाव से जूझ रहे एक पिता ने अपने चहेते पुत्र की फावड़ा मारकर हत्या कर दी। घटना के बाद पिता ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली है। मिली जानकारी के अनुसार अर्जुनी थाना के ग्राम बोड़रा बलियारा निवासी गोपेश्वर साहू पिता पंचराम उम्र 35 वर्ष अपनी पत्नी भूपेश्वरी साहू व 6 वर्ष के बेटे हेयांश साहू के साथ रहता था। युवक शुरु में च्वाइस सेंटर ▶▶| शेष पेज 7 पर

### जांच की जा रही

कमरे में बच्चे व उसके पिता की लाश मिली है। मृतक अपनी पत्नी के चरित्र पर संदेह करता था। सूक्ष्म जांच कर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

-आंजनेय वार्ष्णेय, एसपी, धमतरी

# सुप्रीम कोर्ट परिसर के 26 पेड़ों का होगा ट्रांसप्लांट दिल्ली हाईकोर्ट ने 260 नए पौधे लगाने की रखी शर्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

## सुप्रीम कोर्ट भवन के विस्तार के लिए किया जा रहा पेड़ों को स्थानांतरित

सुप्रीम कोर्ट भवन के विस्तार के लिए दिल्ली हाईकोर्ट ने परिसर में खड़े 26 पेड़ों को ट्रांसप्लांट करने की अनुमति दे दी है। इस परियोजना के तहत नए कोर्टरूम, कॉन्स्टीट्यूशनल कोर्ट, जजों के चैम्बर्स और वकीलों के लिए आधुनिक सुविधाएं विकसित की जाएंगी। यह अनुमति सुप्रीम कोर्ट प्रोजेक्ट डिवीजन-1 और सेंट्रल पब्लिक वर्क्स डिपार्टमेंट द्वारा दायर याचिका पर दी गई, जिसमें इन पेड़ों को स्थानांतरित करने की मंजूरी मांगी गई थी। जस्टिस जस्मीत सिंह की पीठ ने इस याचिका को स्वीकार किया, लेकिन शर्त रखी कि बदले में 260 नए पौधे लगाए जाएंगे।



### ट्रांसप्लांट प्रक्रिया जल्द करने निर्देश

इसके अलावा, हाईकोर्ट ने ट्रांसप्लांट की प्रक्रिया के लिए ट्री ऑफिसर को दो सप्ताह के भीतर एक नया स्पीकिंग ऑर्डर जारी करने का निर्देश दिया है।

**ट्रांसप्लांट की योजना और स्थान:** परियोजना के तहत, 16 पेड़ों को सुप्रीम कोर्ट के गेट ए और बी के बीच स्थित उद्यान क्षेत्र में स्थानांतरित किया जाएगा, जबकि शेष 10 पेड़ों को गेट नंबर 1 के पास प्रशासनिक भवन के समीप शिफ्ट किया जाएगा।

**पर्यावरण संतुलन के लिए कड़े नियम:** दिल्ली हाईकोर्ट ने ट्रांसप्लांट की अनुमति देने से पहले यह सुनिश्चित करने को कहा कि 26 पेड़ों के स्थान पर 260 नए पेड़ लगाए जाएं। सुनवाई के दौरान याचिकाकर्ता के वकील सुधीर मिश्रा ने अदालत को अवगत कराया कि ये सभी 260 नए पौधे सुंदर नर्सरी में पहले ही लगाए जा चुके हैं।

## आईबी ग्रुप के एमडी बहादुर अली के साथ खास बातचीत

# छत्तीसगढ़ बनेगा अब प्रोटीन और पोल्ट्री का हब

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

हरिभूमि खास

अब तक दक्षिण को ही पोल्ट्री का हब माना जाता है, लेकिन अब यह सब बदलने वाला है। हम छत्तीसगढ़ को प्रोटीन और पोल्ट्री का हब बनाने वाले हैं। इसके लिए काम चल रहा है। हम रायपुर में दो दिनों का सेमिनार भी कर रहे हैं। इसमें छह हजार किसान आएंगे, उन्हें नई तकनीक के बारे में बताएंगे। ये बाते हरिभूमि और आईएनएच के प्रधान संपादक डॉ. हिमांशु द्विवेदी से आईबी ग्रुप के एमडी बहादुर अली ने कही। प्रस्तुत है, उनके साथ हुई बातचीत के अंश।

**▶▶| जहां से चले थे, जहां पहुंचे हैं लोगों को चौकाते हैं या खुद भी चौक जाते हैं?**

एक सोच थी गांव में रहकर गांव का विकास करना चाहिए। गांव में रहकर छोटे किसानों को आगे लाने का काम किया है। हमने न सिर्फ आईबी ग्रुप को बढ़ाया है, बल्कि देश के किसानों को भी अपने साथ जोड़ा है। हमारे साथ आज 15 हजार किसान हैं। ये सेमीनार इनके लिए ही किया जा रहा है। जिन किसानों ने अच्छा किया है, उनको बुलाया जा रहा है। रायपुर में होने वाले सेमीनार में छह हजार किसानों को बुलाया जा रहा है। जो नई तकनीक आ रही है, उसके बारे में भी किसानों को बताना है।




**▶▶| पोल्ट्री में तरक्की का फार्मूला किस तरह से पकड़ा आपने?**

लगन और मेहनत है, हमारे साथ जो किसान जुड़े सबको आगे बढ़ाने का काम किया है। हमने अपने साथ जुड़े सभी का विकास किया है। यह बात तय है कि आप अपने कर्मचारियों अपने साथ जुड़े लोगों का ध्यान रखेंगे और उनको खुश रखेंगे तो आपकी तरक्की अपने आप होगी। यही हमारे साथ हुआ है।

**▶▶| आज देश के हर राज्य में काम कर रहे हैं, इसका उद्देश्य क्या है, किस स्वरूप को लेकर काम कर रहे हैं?**

जब हमने काम प्रारंभ किया था तो हमारा मकसद भी पैसा कमाना ही था। 2012 के बाद पोल्ट्री का तरीका बहुत बदल गया। देश को विकसित पोल्ट्री राष्ट्र बनाना है तो इसके लिए गांव-गांव के किसानों को जोड़ना होगा। यही काम हमने किया। गांव-गांव के किसानों को हमने जोड़ा। हमारा व्यापार भी अब बिजनेस सेक्टर के नाम से जाना ▶▶| शेष पेज 7 पर

## चिंतन

# वैश्विक अर्थव्यवस्था के नए दौर के लिए तैयार रहे भारत

भारत जंग, संघर्ष और टैरिफ सनक के बीच अर्थव्यवस्था को लेकर भारत को अधिक सचेत व विवेकशील रहने की जरूरत है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के टैरिफ वार से ग्लोबल ट्रेड के स्थापित तंत्र के टूटने की संभावना प्रबल हो गई है और नए वैश्विक ट्रेड ऑर्डर के विकसित होने को दौर शुरू हो गया है। अमेरिका की ओर से जवाबी शुल्क और आयात पर उच्च दर से टैरिफ लगाने के ऐलान के बाद से अंतरराष्ट्रीय बाजार में जिस तरह अनिश्चतता की स्थिति बनी है, उससे पूरी दुनिया की सभी मजबूत अर्थव्यवस्था पर असर पड़ती दिख रही है। इसी सप्ताह 9 अप्रैल से अमेरिका नया टैरिफ दर व जवाबी शुल्क लागू करने जा रहा है, दस फीसदी बेसलाइन शुल्क 5 अप्रैल से ही लागू हो गया है, इससे अमेरिका को निर्यात करने वाले भारत, चीन समेत करीब 60 देश प्रभावित होंगे। ट्रंप टैरिफ वार के चलते सोमवार को विश्व के सभी प्रमुख शेयर बाजारों में भारी गिरावट देखी गई। यूरोप, जर्मनी, ब्रिटेन, ऑस्ट्रेलिया, भारत, चीन, जापान, दक्षिण कोरिया, हांगकॉन्ग के स्टॉक मार्केट औंधे मुंह गिरे। भारतीय शेयर बाजार में तो ब्लडबाथ की स्थिति दिखाई दी, सेंसेक्स 2200 अंक से अधिक गिरा, निवेशकों के 14 लाख करोड़ रुपये से अधिक स्वाहा हो गए। खुद अमेरिका के शेयर बाजार के सभी प्रमुख स्टॉक एक्सचेंज में पिछले दो अप्रैल के बाद से गिरावट का आलम है। ट्रंप के नए टैरिफ से जहां अमेरिकी अर्थव्यवस्था की चिंता महंगाई व उत्पादन लागत बढ़ने के साथ मंदी छाने की है, वहीं अमेरिका को निर्यात करने वाले देशों की चिंता बढ़े हुए शुल्क के चलते एक्सपोर्ट लागत बढ़ने व मात्रा के घटने को लेकर है। नए अमेरिकी टैरिफ के बाद वैश्विक अर्थव्यवस्था को स्थिर होने में वक्त लगेगा, कितना वक्त लगेगा, इसका आकलन करना कठिन है, तब तक विश्व में आर्थिक अनिश्चचता बनी रहेगी। पहले से ही सुस्त ग्रोथ का सामना कर रहे चीन के जीडीपी पर दो से ढाई फीसदी का असर पड़ेगा। नए ग्लोबल ट्रेड ऑर्डर के विकसित होने में भी वक्त लगेगा, कारण इसका स्वरूप क्या होगा, इसे दिशा कौन देगा, डॉलर का क्या होगा और उसकी जगह कौन कौन सी मुद्रा लेगा? आदि ढेर प्रश्न हैं। क्या यूरोप, चीन, जापान, रूस या भारत जैसी अर्थव्यवस्था में विश्व के नए ट्रेड ऑर्डर को दिशा देने का सामर्थ्य है? विश्व बैंक, अंतराष्ट्रीय मुद्राकोष, विश्व व्यापार संगठन जैसी संस्थाओं का क्या होगा? विकसित व विकासशील अर्थव्यवस्थाओं के बीच कड़ी कौन होगा? अभी सबकुछ भविष्य के गर्त में है, तब तक भारत को ट्रंप टैरिफ का प्रभाव कम करने के लिए तीन स्तर पर काम करना चाहिए। पहला घरेलू खपत के लिए अपने मैन्युफैक्चरिंग सेक्टर को बूस्ट करना चाहिए व आयात पर निर्भरता कम करनी चाहिए। मेक इन इंडिया, वोकल फॉर लोकल और आर्थिक राष्ट्रवाद जैसे अभियान मददगार हो सकते हैं। दूसरा, अपने उत्पाद के निर्यात के लिए नए बाजार का विस्तार करना चाहिए। भारत सरकार चीन, ब्राजील, फ्रांस आदि 20 देशों के साथ आपसी ट्रेड समझौते पर विचार कर रही है। भारत को नए मुक्त व्यापार समझौते, नए ट्रेड कोरिडोर, आपसी विनिमय आदि की दिशा में बढ़ना चाहिए। तीसरा, अमेरिका के साथ द्विपक्षीय व्यापार समझौते पर बातचीत को तेजी से आगे बढ़ाना चाहिए और टैरिफ समस्या का हल निकालने का प्रयास करना चाहिए। इस वर्ष अमेरिका को भारत के माल निर्यात में 5.76 अरब डॉलर की गिरावट आने के आसार हैं।



## अर्थव्यवस्था
सतीश सिंह

# विकास की रफ्तार बढ़ाने वाली होगी मौद्रिक समीक्षा

भारतीय रिजर्व बैंक ने 7 फरवरी को की गई मौद्रिक समीक्षा में रेपो दर में 0.25 प्रतिशत की कटौती की थी, जिससे यह 6.50 प्रतिशत से घटकर 6.25 प्रतिशत के स्तर पर आ गई थी। महंगाई की वजह से यह कटौती 5 सालों के बाद की गई थी। सबसे महत्वपूर्ण यह है कि इस कटौती से क्रेडिट ग्रोथ में आंशिक तेजी देखी गई और आर्थिक गतिविधियों को बल मिला है, जिससे 7 से 9 अप्रैल की मौद्रिक समीक्षा में रेपो दर में कम से कम 0.25 प्रतिशत की कटौती करने का दबाव बना हुआ है। हालांकि, अभी भी वैश्विक नीतियों में बदलाव, जैसे अमेरिका द्वारा भारत और दूसरे देशों पर टैरिफ लगाने, संरक्षणवाद, नीतिगत ब्याज दरों के संदर्भ में अमेरिका के फेडरल रिजर्व बैंक के रुख आदि के कारण बाजार में अस्थिरता बनी हुई है, लेकिन हमारी अर्थव्यवस्था की स्थिति वैश्विक अर्थव्यवस्था से इतर है, इसलिए जरूरी है कि मौद्रिक नीति समिति (एमपीसी) घरेलू स्थितियों के अनुरूप मौद्रिक समीक्षा में निर्णय ले। गौरतलब है कि राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय (एनएसओ) ने जीडीपी के वित्त वर्ष 2024-25 के लिए अपने पहले अग्रिम अनुमान में जीडीपी वृद्धि दर के 6.4 प्रतिशत रहने का अनुमान जताया है, जो पिछले 3 वित्त वर्षों से कम है। गत वित्त वर्ष के दौरान जीडीपी वृद्धि दर 8.2 प्रतिशत रही थी। वहीं, भारतीय रिजर्व बैंक ने वित्त वर्ष 2024-25 के दौरान जीडीपी के 6.6 प्रतिशत की दर से आगे बढ़ने का अनुमान जताया है। खाद्य वस्तुओं की कीमतों में कमी आने के कारण उपभोक्ता मूल्य सूचकांक (सीपीआई) पर आधारित खुदरा महंगाई दर फरवरी 2025 में घटकर 3.61 प्रतिशत के स्तर पर आ गई,जो जनवरी महीने में 4.31 प्रतिशत के स्तर पर थी। अभी महंगाई पिछले 6 महीनों में सबसे कम है। महंगाई के स्तर में गिरावट का मूल कारण खाद्य पदार्थों की कीमत में कमी आना है। किसी की क्रय शक्ति को निर्धारित करने में मुद्रास्फीति महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। मुद्रास्फीति बढ़ने पर वस्तु एवं सेवा दोनों की कीमतों में इजाफा होता है, जिससे व्यक्ति की खरीदारी क्षमता कम हो जाती है और वस्तुओं एवं सेवाओं की मांग भी घट जाती है। फिर, विविध उत्पादों की बिक्री कम होती है, उनके उत्पादन में कमी आती है, इससे आर्थिक गतिविधियां धीमी पड़ जाती हैं और विकास की गति बाधित होती है। ऐसे में यह कहना सही होगा कि महंगाई में कमी आने से ही विकास की गाड़ी तेज गति से आगे बढ़ सकती है। विगत दो तिमाहियों में जीडीपी की धीमी गति को देखते हुए, सरकार के लिए विकास को बढ़ावा देना जरूरी है, इसलिए बजट में भी निवेश, बचत और खपत को बढ़ाने पर जोर दिया गया है, क्योंकि इनमें तेजी लाकर ही आर्थिक गतिविधियों में तेजी लाई जा सकती है और विकास को रफ्तार दी जा सकती है। दूसरी तरफ, विगत 6 महीनों से महंगाई दर में गिरावट दर्ज की जा रही है, इसलिए, केंद्रीय बैंक के लिए 9 अप्रैल को नीतिगत दरों में 0.25 प्रतिशत कटौती करने का फैसला लेने में मुश्किल नहीं आएंगी। पिछले दो सालों में 14 प्रतिशत से 16 प्रतिशत के बीच की ऋण वृद्धि रहने के बाद समग्र क्रेडिट ग्रोथ बीते कुछ महीनों से धीमी हो रही थी। दिसंबर 2024 में क्रेडिट ग्रोथ घटकर 11.2 प्रतिशत के स्तर पर आ गई थी, जिसका सबसे बड़ा कारण उधारी दर का महंगा होना था। दरअसल, बैंकों के पास सस्ती पूंजी उपलब्ध नहीं है। पहले निवेशक अपनी जमा पूंजी बैंक में रखते थे, लेकिन आज अधिक प्रतिफल मिलने की आशा में वे शेयर बाजार, म्यूचुअल फंड,सोना, बांड्स आदि में निवेश कर रहे हैं, जिससे बैंकों के समक्ष पूंजी की कमी हो गई है। मौजूदा समय में ग्राहक अपने पैसे जमा करने से परहेज कर रहे हैं। ऐसी विपरीत स्थिति में बैंकों के समक्ष सस्ती पूंजी का स्रोत केंद्रीय बैंक है। जब नीतिगत दरों में कटौती की जाएगी तो बैंकों को रिजर्व बैंक सस्ती दर ऋण देगा, जिसे वे पुनः जरूरतमंदों को सस्ती दर पर ऋण दे सकेंगे। फिलहाल, बैंक महंगी दर पर ऋण देने के लिए मजबूर हैं और महंगी दर पर ऋण उपलब्ध होने के कारण आमजन और कारोबारी ऋण लेने से बच रहे हैं। इस वजह से,कंपनियों के पास पूंजी की कमी है, परिणाम स्वरूप आर्थिक गतिविधियां बाधित हुई हैं और विकास को रफ्तार नहीं मिल पा रही है। विश्लेषण से साफ़ है, एमपीसी 9 अप्रैल को मौद्रिक समीक्षा में रेपो दर में 0.25 प्रतिशत की कटौती करने की सिफारिश कर सकती है, ताकि बैंकों को सस्ती दर पर पूंजी मिले, और वे सस्ती दर पर ऋण दे सकें. इससे आमजन और कारोबारी दोनों ऋण लेंगे, जिससे निवेश और बचत दोनों में तेजी आएगी साथ ही साथ खपत में इजाफा होगा एवं आर्थिक गतिविधियों में वृद्धि होगी।

(लेखक बैंक अधिकारी हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)



बिम्सटेक
प्रोफेसर अश्वनी महाजन

**भारत की मजबूत आर्थिक स्थिति और सॉफ्ट पावर दोनों ही उसे इस क्षेत्र के नेतृत्व हेतु बिम्सटेक में सर्वाधिक महत्वपूर्ण हिस्सा बनाते हैं। सम्मेलन में दिया गया भाषण खास महत्व रखता है। प्रधानमंत्री मोदी ने बिम्सटेक को दक्षिण एशिया और दक्षिण पूर्व एशिया के बीच एक महत्वपूर्ण सेतू बताया। प्रधानमंत्री ने कहा कि अब बिम्सटेक क्षेत्रीय सहयोग, समन्वय और विकास हेतु एक प्रभावी मंच बन चुका है। इस संदर्भ में प्रधानमंत्री मोदी ने बिम्सटेक की क्षमता को और मजबूत करने का आह्वान किया है। बिजनेस समिट, यंग लीडर्स समिट ऐसे अन्य उपायों के रूप में क्षेत्र के देशों के बीच आर्थिक सहयोग बेहतर करने में लंबा रास्ता तय कर सकती है।**

# क्षेत्रीय सहयोग को बढ़ाने का वक्त

कुछ दिन पूर्व भारत के प्रधानमंत्री ने सात एशियाई देशों के संगठन 'बिम्सटेक' के बैंकॉक में आयोजित छठे शिखर सम्मेलन में हिस्सा लिया और इन देशों के बीच बेहतर जुड़ाव, आर्थिक और डिजिटल संबंधों को प्रगाढ़ करने का आह्वान किया। गौरतलब है कि 'बिम्सटेक' में बांग्लादेश, भूटान, भारत, म्यांमार, नेपाल, श्रीलंका और थाईलैंड शामिल हैं। अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष के 2024 के अनुमानों के अनुसार ये देश कुल 5.23 ट्रिलियन अमेरिकी डॉलर की जीडीपी का उत्पादन करते हैं, जिसमें स्वाभाविक तौर पर भारत का योगदान सर्वाधिक है। यह बंगाल की खाड़ी से तटवर्ती या समीपी देशों का एक अंतरराष्ट्रीय आर्थिक सहयोग संगठन है। खास बात यह है कि पाकिस्तान इस संगठन का सदस्य देश नहीं है। हालांकि यह संगठन 27 साल से भी अधिक समय से चल रहा है, शुरूआत में जून 1997 में इसका गठन बिस्टेक के नाम से हुआ, यानि बांग्लादेश, इंडिया, श्रीलंका और थाईलैंड इकोनॉमिक कोऑपरेशन। थोड़े ही समय बाद दिसंबर 1997 इसमें म्यांमार को शामिल करते हुए इसका नाम बिम्सटेक हो गया। फरवरी 2004 में नेपाल और भूटान इसके सदस्य बन गए और इसका नाम तो बिम्सटेक ही रहा, लेकिन उसे अब 'बे ऑफ बंगाल इनिशिएटिव फॉर मल्टी सेक्टोरल टेक्निकल एंड इकोनॉमिक कोऑपरेशन' के नाम से जाना जाने लगा। अभी तक इसके शिखर सम्मेलन क्रमशः थाईलैंड, भारत, म्यांमार, नेपाल, श्रीलंका में होने के बाद 2 से 4 अप्रैल 2025 में इसका छठा शिखर सम्मेलन थाईलैंड बैंकॉक में आयोजित हुआ।

गौरतलब है कि भारत के पड़ोसी देशों का एक संगठन सार्क है। सार्क यानि साऊथ एशियन एसोसिएशन फॉर रिजनल कोऑपरेशन, दक्षिण एशिया के देशों भारत, बांग्लादेश, भूटान, मालद्वीव, नेपाल, पाकिस्तान और श्रीलंका, कुल सात देशों का संगठन के रूप में 1985 में बना। 2007 में इसमें अफगानिस्तान शामिल हुआ। सार्क के 9 पर्यवेक्षक देश भी हैं, जिसमें यूरोपीय संघ, संयुक्त राज्य अमेरिका, ईरान और चीन भी शामिल हैं। सार्क देशों के बीच व्यापार को बढ़ावा देने के लिए साऊथ एशियन प्रफ्रेंशिएल ट्रेड एग्रीमेंट, यानी साप्टा; और साऊथ एशियन फ्री ट्रेड एरिया, यानी साफ्टा नाम के दो समझौते क्रमशः 1995 और 2004 में हुए। इन समझौतों का उद्देश्य इस क्षेत्र में लोगों की भलाई के लिए व्यापार और विकास को बढ़ावा देना था। शुरूआती दौर से ही सार्क में कुछ विवाद रहा, क्योंकि पाकिस्तान ने भारत के विरुद्ध छोटे देशों को भड़का कर उसे बदनाम करने का काम करना शुरू कर दिया था। पाकिस्तान के इस रुख को देखते हुए 1992 से शुरू 'लुक ईस्ट पॉलिसी' के तहत बिम्सटेक को बढ़ावा देने का काम शुरू किया। 1997 में इंडियन ओसिएन रिम एसोसिएशन, वर्ष 2000 में मैकाँग गंगा कोऑपरेशन और 2015 में बांग्लादेश, भूटान, भारत और नेपाल ट्रांसपोर्ट एग्रीमेंट करते हुए बिम्सटेक को मजबूत करने का काम किया। गौरतलब है कि भारत के सार्क से विमुख होने के बाद सार्क का महत्व ही समाप्त हो गया और पिछले 10 सालों




से भी ज्यादा समय से इसका एक भी शिखर सम्मेलन नहीं हुआ। गौरतलब है कि बिम्सटेक में शामिल भारत के पड़ोसी या समीपवर्ती सातों देश विकासशील देश हैं। इन देशों में आर्थिक और जनसंख्या के नाते सबसे बड़ा देश भारत है। आज जब दुनियाभर के देशों के बीच विभिन्न प्रकार के अवरोध और असमंजस बढ़ रहे हैं, भारत की 'लुक ईस्ट पॉलिसी' के तहत इस क्षेत्रीय आर्थिक सहयोग संगठन का महत्व और बढ़ जाता है। भारत ने पिछले एक दशक में जो तकनीकी और आर्थिक प्रगति की है, इस क्षेत्र के लोग उससे प्रभावित हैं। कनेक्टिविटी का मामला हो या डिजिटाइजेशन की बात हो, अथवा अंतरिक्ष के क्षेत्र में सहयोग का मामला, भारत आज इस स्थिति में है कि इस क्षेत्र के देशों को मदद कर सके।


भारत की मजबूत आर्थिक स्थिति और सॉफ्ट पावर दोनों ही उसे इस क्षेत्र के नेतृत्व हेतु बिम्सटेक में सर्वाधिक महत्वपूर्ण हिस्सा बनाते हैं। यही कारण है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा बिम्सटेक के छठे शिखर सम्मेलन में दिया गया भाषण खास महत्व रखता है। प्रधानमंत्री मोदी ने बिम्सटेक को दक्षिण एशिया और दक्षिण पूर्व एशिया के बीच एक महत्वपूर्ण सेतू बताया। प्रधानमंत्री ने कहा कि अब बिम्सटेक क्षेत्रीय सहयोग, समन्वय और विकास हेतु एक प्रभावी मंच बन चुका है। इस संदर्भ में प्रधानमंत्री मोदी ने बिम्सटेक के एजेंडा और क्षमता को और मजबूत करने हेतु आह्वान किया है। प्रधानमंत्री ने बिम्सटेक में संस्थान और क्षमता निर्माण की दिशा में भारत के नेतृत्व में कई पहलों की घोषणा भी की। इनमें आपदा प्रबंधन, सतत समुद्री परिवहन, पारंपरिक चिकित्सा और कृषि में अनुसंधान और प्रशिक्षण पर भारत में बिम्सटेक उत्कृष्टता केंद्र स्थापित करना शामिल है। उन्होंने युवाओं को कौशल प्रदान करने के लिए एक नए कार्यक्रम की भी घोषणा की, जिसके तहत पेशेवरों, छात्रों, शोधकर्ताओं, राजनयिकों और अन्य लोगों को प्रशिक्षण और छात्रवृत्ति प्रदान की जाएगी। उन्होंने डिजिटल सार्वजनिक अवसंरचना में क्षेत्रीय आवश्यकताओं का आकलन करने के लिए भारत द्वारा एक पायलट अध्ययन और क्षेत्र में कैंसर देखभाल के लिए एक क्षमता निर्माण कार्यक्रम की भी पेशकश की। अधिक क्षेत्रीय आर्थिक एकीकरण का आह्वान करते हुए, प्रधानमंत्री ने बिम्सटेक चैंबर ऑफ कॉमर्स की स्थापना और भारत में हर साल बिम्सटेक बिजनेस समिट आयोजित करने की भी पेशकश की। क्षेत्र को एक साथ लाने वाले ऐतिहासिक और सांस्कृतिक संबंधों को आगे बढ़ाने की आवश्यकता पर जोर देते हुए, प्रधानमंत्री ने लोगों के बीच संबंधों को और मजबूत करने के लिए कई पहलों की घोषणा की। भारत इस वर्ष बिम्सटेक एथलेटिक्स मीट की मेजबानी करेगा और 2027 में जब समूह अपनी 30वीं वर्षगांठ मनाएगा, तब पहले बिम्सटेक खेलों की मेजबानी भी भारत करेगा। यह पारंपरिक संगीत महोत्सव की मेजबानी भी करेगा।

अब, जबकि पाकिस्तान के नकारात्मक रवैये के कारण सार्क मृतप्राय हो चुका है, और बिम्सटेक नए क्षेत्रीय समूह के रूप में उभरा है, जिसमें भारत एक प्रमुख शक्ति है, जहां विभिन्न देश अंतरिक्ष क्षेत्र और अन्य में सहयोग के लिए भारत की ओर देख रहे हैं, यह भारत को अपना प्रभाव बढ़ाने का एक नया अवसर देता है, जहां चीन हावी होने की कोशिश कर रहा है। श्रीलंका सहित पड़ोसी देशों की प्रधानमंत्री की यात्रा संकेत है कि भारत अपने पड़ोसी देशों के साथ सहयोग विकसित करने के बारे में गंभीरता से सोच रहा है। इस क्षेत्र में चीन के बढ़ते प्रभाव को देखते हुए इसका भू-राजनीतिक महत्व भी है। चीन भी अपना प्रभाव बढ़ाने की कोशिश कर रहा है। बिजनेस समिट, यंग लीडर्स समिट, बिम्सटेक चैंबर ऑफ कॉमर्स की स्थापना, खेल आयोजन और ऐसे अन्य उपायों के रूप में बिम्सटेक देशों के साथ नियमित बातचीत, क्षेत्र के देशों के बीच आर्थिक सहयोग बेहतर करने में लंबा रास्ता तय कर सकती है।

(लेखक डीयू में प्रोफेसर हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **edit@haribhoomi.com** पर दे सकते हैं।

# मनुष्य इंद्रिय विषयों में आनंद अनुभव करता है



संकलित
**दर्शन**

भक्ति विभिन्न रूपों में प्रकाशित होती है। पहला है श्रद्धा। लोग मंदिरों और पवित्र स्थानों के प्रति श्रद्धा इसलिए प्रकट करते हैं, क्योंकि वहां भगवान की पूजा होती है, ऐसे स्थानों में उनकी सत्ता अधिक अनुभूति होती है। प्रत्येक देश में लोग धर्माचार्यों के प्रति श्रद्धा इसलिए प्रकट करते हैं, क्योंकि ये आचार्य उन्हीं भगवान की महिमा का उपदेश देते हैं। इस श्रद्धा का मूल है प्रेम। हम जिससे प्रेम नहीं करते, उसके प्रति कभी श्रद्धालु नहीं हो सकते। इसके बाद है प्रीति अर्थात ईश्वर चिंतन में आनंद। मनुष्य इंद्रिय विषयों में तीव्र आनंद अनुभव करता है। इंद्रियों को अच्छी लगने वाली चीजों के लिए वह भटकता फिरता है और बड़ा से बड़ा जोखिम उठाने के लिए तैयार रहता है। भक्त को चाहिए कि वह भगवान के प्रति इसी प्रकार का तीव्र प्रेम रखे। इसके उपरांत आता है विरह। विरह प्रेमास्पद के अभाव में उत्पन्न होने वाला तीव्र दुख। यह दुख संसार के समस्त दुखों में सबसे मधुर है। जब मनुष्य भगवान को न पा सकने के कारण, संसार में एकमात्र जानने योग वस्तु को न जान सकने के कारण तीव्र वेदना अनुभव करने लगता है और अत्यंत व्याकुल हो पागल-सा हो जाता है, उस दशा को विरह कहते हैं। मन की ऐसी दशा में प्रेमास्पद को छोड़ उसे और कुछ अच्छा नहीं लगता। बहुधा यह विरह सांसारिक प्रणय में देखा जाता है। जब पराभक्ति हृदय पर अपना प्रभाव जमा लेती है तो अन्य अप्रिय विषयों की उपस्थिति हमें खटकने लगती है, यहां तक कि प्रेमास्पद भगवान के अतिरिक्त अन्य किसी विषय पर बातचीत तक कहना हमारे लिए अरुचिकर हो जाता है।

# ईर्ष्यालु व्यक्ति, किसी को सुखी नहीं देख सकता



संकलित
**प्रेरणा**

एक महिला कुबड़ी थी जिसकी वजह से वह झुककर चलती थी। सभी लोग उसका उपहास उड़ाते थे। बच्चे तो जब-तब उसे 'कुबड़ी-कुबड़ी' कहकर परेशान करते रहते थे। एक दिन वह कहीं जा रही थी कि सहसा रास्ते में उसकी भेंट नारद जी से हो गई। नारद ने उस महिला पर तरस खाते हुए कहा, 'आओ बहन! मेरे पास आओ। मैं अपने योगबल से तुम्हारा कूबड़ ठीक कर दूंगा।' महिला बोली, 'भगवान! आप अंतर्यामी हैं। आप तो जानते ही है कि लोग मेरा कितना मजाक उड़ाते हैं। मुझे सदैव यह कहकर चिढ़ाते रहते हैं कि, देखो वह कुबड़ी जा रही है। यदि आप मुझ पर मेहरबानी कर ही रहे हैं तो मेरे कूबड़ की फिक्र मत कीजिए। आप बस इतना कर दीजिए कि जो लोग मेरा मजाक उड़ाते हैं, उन सबके भी कूबड़ निकल आए।' नारद जी ने उस महिला का उत्तर सुना तो हक्के-बक्के रह गए। आश्चर्यचकित होकर बोले, 'बहन, दूसरों के कूबड़ निकल आने से तुम्हें क्या मिलेगा।' बुढ़िया बोली, 'मैं उन्हें भी अपनी तरह चलते और दूसरों द्वारा उपहास होते देखूंगी तो मन को शांति मिलेगी।' नारद जी सोचने लगे यह महिला चाहती तो मेरी कृपा से अपना कूबड़ ठीक करा सकती थी। लेकिन उसने हाथ आए अवसर को दूसरों के नुकसान के रूप में ही भुनाने की कामना की। ईर्ष्यालु व्यक्ति की प्रकृति यही होती है कि वह दूसरों को सुखी-संपन्न देखकर उनके जैसा उन्नत, संपन्न और सुखी होने की प्रेरणा ग्रहण नहीं करता, बल्कि सुखी लोगों को दुखी करने और नीचे गिराने का प्रयास करता है। बुढ़िया का मनोरथ पूरा करने का उनका कोई इरादा नहीं था।

## अंतर्मन




## आज की पाती

### एआई से नई नौकरियां भी पैदा होगी

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने हाल ही में एक बार फिर आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस (एआई) का जिक्र किया। उन्होंने कहा कि एआई के क्षेत्र में देश तेजी से अपनी पहचान बना रहा है। एआई के क्षेत्र में युवा तेजी से आगे बढ़ रहे हैं और नई ऊंचाइयों को छू रहे हैं। उन्होंने पेरिस के दौरे का जिक्र करते हुए कहा कि मैं एआई के सम्मेलन में भाग लेने के लिए वहां गया था। इस दौरान दुनिया ने इस सेक्टर में भारत की प्रगति की जमकर सराहना की। असल में एआई को लेकर कहा जा रहा है कि इससे नौकरियां खत्म होंगी, लेकिन यह पूरा सच नहीं है। यह बात कुछ हद तक ठीक है कि इससे रोजगार जाएंगे, लेकिन कुछ क्षेत्रों में ही ऐसा होगा और वह भी काफी कम मात्रा में। इसके उलट कई सेक्टरों में नई नौकरियां भी पैदा होंगी। – *संदीप देशमुख, भाटापारा*

## ट्रेंड

### प्रतिबद्धता की पुष्टि करें



विश्व स्वास्थ्य दिवस पर, आइए हम स्वस्थ दुनिया बनाने के लिए प्रतिबद्धता की पुष्टि करें। हमारी सरकार स्वास्थ्य सेवा पर ध्यान केंद्रित करती रहेगी और विभिन्न पहलुओं में निवेश करती रहेगी। अच्छा स्वास्थ्य हर संपन्न समाज की नींव है।
**-नरेंद्र मोदी, प्रधानमंत्री**

### सभी वैज्ञानिकों को धन्यवाद



वर्ष 2000 से, वैश्विक स्तर पर मातृ मृत्यु दर में 40% की कमी आई है। यह स्वास्थ्य सेवाओं तक बेहतर पहुंच के कारण है। इस विश्व स्वास्थ्य दिवस पर, हम सभी वैज्ञानिकों सरकारों को धन्यवाद देते हैं जो माताओ शिशुओं को उम्मीद भरा भविष्य प्रदान कर रहे हैं।
**-डॉ. टेड्रोस, डब्ल्यूएचओ महानिदेशक**

### जले पर नमक छिड़का



मई 2014 के मुकाबले अंतर्राष्ट्रीय कच्चे तेल की क़ीमत में 41% की गिरावट आई है, पर केंद्र सरकार ने एक्साइज ड्यूटी बढ़ा दी है। इससे निवेशकों का एक झटके में 19 लाख करोड़ स्वाहा होने से चैन नहीं मिला होगा, इसलिए सरकार जले पर नमक छिड़कने आ गई। **-मल्लिकार्जुन खड़गे, कांग्रेस अध्यक्ष**

### देश को उलझा रखा



भक्तों बताओ शेयर मार्केट में कितने मुसलमानों का पैसा डूबा? 5 महीने में देश के लोगों का 94 लाख करोड़ डूब गया। अब 5 मिनट में 19 लाख करोड़ डूब गया। देश आर्थिक बर्बादी झेल रहा है, लेकिन मोदी ने देश को वक़्फ, कब्र में उलझा रखा है।
**-संजय सिंह, आप नेता**

**हमारा पता**
हरिभूमि कार्यालय
रिंग रोड नं. 2, गौरवपथ, बिलासपुर
फोन: 401050,271016,फैक्स-271018
ई-मेल: haribhoomibsp@gmail.com
वेब-साइट: www.haribhoomi.com

## करंट अफेयर

# अमेरिका में तीन दशक बाद खसरे की बड़ी लहर

पिछले करीब तीन दशक में खसरे की सबसे बड़ी लहर से जूझ रहे अमेरिका के टेक्सास में इस बीमारी की चपेट में आने से एक अन्य बच्चे की मौत हो गई। इस बच्चे को भी खसरे से बचाव का टीका नहीं लगा था। ल्यूबॉक स्थित प्रमुख क्षेत्रीय अस्पताल और शिक्षण संस्थान 'यूनिवर्सिटी मेडिकल सेंटर (यूएमसी) हेल्थ सिस्टम' ने बताया कि अस्पताल में भर्ती एक स्कूली छात्र की खसरे के कारण मौत हो गई। बच्चे को इससे पहले कोई अन्य बीमारी नहीं थी। इससे पहले, फरवरी में टेक्सास में एक बच्चे तथा मार्च के प्रारम्भ में न्यू मैक्सिको में एक वयस्क की इस बीमारी के कारण मौत हो गई थी। अमेरिकी रोग नियंत्रण एवं रोकथाम केंद्र (सीडीसी) ने इस वर्ष 21 राज्यों में खसरे के 607 मामले सामने आने की पुष्टि की है। यह संख्या 2023 की कुल संख्या के दोगुने से भी अधिक है। टेक्सास में 481 मामले सामने आए हैं, जो पिछले कुछ दशकों में राज्य स्तर पर सबसे अधिक मामले है। 'बायलर कॉलेज ऑफ मेडिसिन' के प्रमुख टीकाकरण विशेषज्ञ डॉ. पीटर होटेज ने कहा, 'यदि मामले इसी तरह बढ़ते रहे तो हम 2019 के प्रकोप को भी पीछे छोड़ देंगे और यह लगभग पिछले 30 साल में सबसे खराब स्थिति है। दुखद बात यह है कि इन लोगों की मौत को पूरी तरह से रोका जा सकता था।'




## ऑफ बीट

# सप्ताह में 150 मिनट की शारीरिक गतिविधि जरूरी

व्यायाम आपके संपूर्ण स्वास्थ्य और विशेष रूप से आपके हृदय के लिए अच्छा है। विशेषज्ञों की राय है कि हमें सप्ताह में 150 मिनट की मध्यम-से-जोरदार शारीरिक गतिविधि करनी चाहिए। शोधकर्ताओं ने पाया कि एक्सेलेरोमीटर मूल्यांकन के बाद छह वर्षों में, जो लोग नियमित रूप से मध्यम से जोरदार गतिविधि करते थे, उनमें गतिहीन लोगों की तुलना में स्ट्रोक, दिल का दौरा, दिल की विफलता और एट्रियल फाइब्रिलेशन कम था। इस अध्ययन का अनोखा निष्कर्ष यह था कि जिन लोगों ने अपनी आधी से अधिक गतिविधि सप्ताहांत में की, उनकी तुलना में उन लोगों के परिणामों में कोई अंतर नहीं था, जिन्होंने इसे पूरे सप्ताह में फैलाकर किया। इससे कोई फर्क नहीं पड़ता कि यह कब किया गया था, मध्यम-जोरदार शारीरिक गतिविधि बेहतर हृदय स्वास्थ्य से जुड़ी थी। अध्ययन में, लेखकों ने उन लोगों को 'सप्ताहांत योद्धा' कहा, जिन्होंने सप्ताह में 150 मिनट से अधिक की मध्यम-से-जोरदार गतिविधि की। यह लाइक्रा पहने पहाड़ी रास्तों पर साइकिल की सवारी करते हुए या मध्यम आयु वर्ग के पुरुषों को 90 मिनट की कठिन फुटबॉल खेलने जैसा है।





# नीले नहीं, 2 अरब सालों तक इस रंग से जगमगाते थे महासागर, हो गया बड़ा खुलासा

टोक्यो। महासागर हमेशा से ही उतने चमकीले नीले रंग के नहीं रहे होंगे, जितने आज हम उन्हें देखते हैं। दरअसल, रिसर्चर ने इसपर बड़ा खुलासा किया है। जापान में नागोया यूनिवर्सिटी के रिसर्चर ने बताया कि पृथ्वी के सबसे शुरुआती महासागर, 2 अरब से ज्यादा सालों तक, हरे रंग से जगमगाते थे. नेचर इकोलॉजी एंड इवोल्यूशन में प्रकाशित यह खोज ग्रह के सुदूर अतीत के बारे में जानकारी दी है।

## इस वजह से ऑक्सीजन युक्त वातावरण बना



सबसे पहले जीवन रूप, साइनोबैक्टीरिया, जो करीब 4 अरब साल पहले दिखाई दिए थे। ये जीव, जिन्हें अब शैवाल के रूप में जाना जाता है। खास बात यह है कि ऑक्सीजनिक प्रकाश संश्लेषण में शामिल होने वाले पहले जीवों में से थे। क्लोरोफिल का इस्तेमाल करने वाले आधुनिक पौधों के उलट, प्राचीन साइनोबैक्टीरिया ने सूर्य के प्रकाश को पकड़ने के लिए अपने एंटीना में फ़ाइकोबिलिन का इस्तेमाल किया। इस अनुकूलन ने ऑक्सीकरण घटना में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई, जो लगभग 2.4 बिलियन साल पहले हुई थी, जिसके कारण ऑक्सीजन युक्त वातावरण बना।



### पानी में जंग लगने का कारण?

रिसर्च से पता चला कि साइनोबैक्टीरिया जैसे जीवों द्वारा पैदा किया गया ऑक्सीजन के बढ़ते स्तर ने महासागर की लौह सामग्री के साथ बातचीत की, जिससे फेरस आयरन को फेरिक आयरन में बदल दिया गया। फेरस आयरन के विपरीत, फेरिक आयरन अघुलनशील है, जो जंग जैसे कणों के रूप में पानी से बाहर निकलता है। इस परिवर्तन ने महासागरों के प्रकाश के साथ बातचीत करने के तरीके को बदल दिया।

### साइनोबैक्टीरिया फ़ाइकोबिलिन पर निर्भर क्यों थे?

हालांकि, साइनोबैक्टीरिया फ़ाइकोबिलिन पर निर्भर क्यों थे, इसका सटीक कारण कई सालों तक रहस्य बना रहा। नागोया यूनिवर्सिटी के एक शोधकर्ता तारो मात्सुओ ने एक टीम का नेतृत्व किया, जिसने एक संभावित स्पष्टीकरण की खोज की। इस टीम ने अपने अध्ययन में मात्सुओ के समूह ने 4 से 2.5 बिलियन साल पहले आर्कियन युग के दौरान पानी के नीचे प्रकाश स्पेक्ट्रम को फिर से बनाने के लिए उन्नत कम्प्यूटेशनल रासायनिक सिमुलेशन का उपयोग किया।

## रोचक खबरें



### हवा में उड़ रहा था नाग, लोगों ने देखा तो उड़े होश, यूपी के इस जिले ने देखा

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के दुधवा टाइगर रिजर्व में पहली बार दुर्लभ 'अहेतुल्ला लॉन्गिरोस्ट्रिस'सांप देखा गया है, जिसे लंबी नथनी वाला बेल सांप या फ्लाइंग स्नेक भी कहा जाता है। यह सांप पेड़ों पर रहता है और उड़ते हुए प्रतीत होता है। यह अनोखी प्रजाति आमतौर पर डिस्कवरी चैनल या फिल्मों में ही देखने को मिलती है। यह खोज वन्यजीव संरक्षण के लिए महत्वपूर्ण मानी जा रही है। इस सांप की सबसे बड़ी खासियत इसकी बनावट और रंग है। इसका हरा रंग पत्तियों में इस कदर घुल-मिल जाता है कि यह नजर ही नहीं आता। यह सांप पेड़ों की शाखाओं पर फुर्ती से चलता है और छलांग लगाता है, जिससे यह उड़ते हुए जैसा दिखाई देता है। यही कारण है कि यह सांप बेहद कम दिखाई देता है और अब तक भारत में केवल एक बार बिहार के वाल्मीकि टाइगर रिजर्व में ही देखा गया था। यह खोज 28 मार्च को तब हुई, जब गैंडा पुनर्वास प्रोजेक्ट फेज 2 के तहत पलिया खेरी डिवीजन में दो गैंडों को जंगल में छोड़ा जा रहा था। उसी समय जब वन विभाग की टीम सुरक्षा जांच के लिए दीमक के एक टीले की सफाई कर रही थी, तभी उन्हें यह हरे रंग का दुर्लभ सांप नजर आया। फील्ड बायोलॉजिस्ट विपिन कपूर सैनी और उनकी टीम ने इस सांप की पहचान की।

### फट जाएगी जमीन, मचेगी अविश्वसनीय तबाही, चीन में बड़े संकट का खतरा

**बीजिंग।** चीन के भूवैज्ञानिकों ने 150 वर्षों के आंकड़ों के आधार पर एक रिपोर्ट जारी की है जिसमें सिचुआन, युन्नान और हिमालयी क्षेत्र में 8 तीव्रता के भूकंप की भविष्यवाणी की गई है। यह भविष्यवाणी पामीर-बाइकाल भूकंपीय बेल्ट में भूकंप के



चक्र को ध्यान में रखते हुए की गई है। अगर चीन में भविष्यवाणी सच साबित होती है तो अविश्वनीय तबाही मचेगी। चीन के भू-वैज्ञानिकों ने कुछ ही दिन बाद अपने देश में शक्तिशाली भूकंप आने की भविष्यवाणी की है। चीन के इन वैज्ञानिकों का कहना है कि यहां पर 8 तीव्रता की भूकंप कभी भी आ सकती है। अगर यह भविष्यवाणी सच होती है तो चीन के कई इलाके पूरी तरह बर्बाद हो जाएंगे।साउथ चाइना मॉर्निंग पोस्ट के मुताबिक बीजिंग भूकंप एजेंसी के वरिष्ठ इंजीनियर झू होंगिन की टीम ने एक रिपोर्ट तैयार की है, जो 150 सालों के भूकंप के आधार पर है। इस रिपोर्ट ने चीन सरकार की टेंशन बढ़ा दी है। रिपोर्ट में कहा गया है कि पूर्व एशिया के पामीर-बाइकाल भूकंपीय बेल्ट में पिछले 150 साल में 12 शक्तिशाली भूकंप के झटके महसूस किए गए। इनमें से भूकंप के 5 झटके चीन के आसपास ही लगे। अब जो उसका छठा चक्र है, उसकी वजह से चीन के आसपास ही भूकंप के झटके महसूस किए जाएंगे।

### सांप अपनी केंचुली क्यों उतारते हैं? एक-दो नहीं साल में इतनी बार छोड़ता है पुरानी चमड़ी

**लंदन।** सांप जमीन पर मौजूद कुछ ऐसे जीवों में से है जो यकीनी तौर पर ऐसा कर सकते हैं। अपने पूरे जीवन में दर्जनों बार, सांप अपनी पुरानी स्किन से बाहर निकलता है जिसे 'एक्डीसिस' कहा जाता है। हालांकि, किसी भी जीव के स्कीन का झड़ना कोई असामान्य बात नहीं है, इंसान भी ऐसा करते हैं। टेनेसी स्टेट यूनिवर्सिटी में सांपों का अध्ययन करने वाले पोस्टडॉक्टरल रिसर्चर जेसन डलास ने कहा,



'लेकिन हम लोगों की त्वचा छोटे-छोटे गुच्छों में झड़ती है, लेकिन इसके उलट सांपों की स्किन गुच्छों में झड़ती है। इसके बाद सांपों में त्वचा की एक पूरी नई परत बनती है।' सांप की स्किन दो मुख्य परतों से बनी होती है। डर्मिस में पिगमेंट होते हैं जो सांपों को उनके रंग और पैटर्न देते हैं। इस कठोर बाहरी परत का नुकसान यह है कि यह फैलती नहीं है। यह बेहद ही लचीली रहती है और सांप के बढ़ने पर उसे संकुचित करती है। यही कारण है कि सांप अपनी स्किन को उतार देता है। जब सांप छोटे होते हैं तो वे ज्यादा तेज़ी से बढ़ते हैं, इसलिए इस अवस्था में वे ज्यादा स्किन (केंचुली) छोड़ते हैं। लंदन चिड़ियाघर के सीनियर रेपटाइल प्रोटेक्टर डैनियल केन ने लाइव साइंस को एक ईमेल में बताया कि सांप वयस्क होने तक आमतौर पर साल में लगभग तीन या चार बार स्किन छोड़ते हैं।

# एक साथ 2 उल्काओं की होगी बारिश रात में चमचमा उठेगा आसमान

वॉशिंगटन। आसमान और अंतरिक्ष की अनंत दुनिया हमेशा से इंसानों के लिए रहस्य और रोमांच का स्त्रोत रही है। जब रात के सन्नाटे में आकाश में चमकती उल्काएं नजर आती हैं तो यह नज़ारा न सिर्फ वैज्ञानिकों बल्कि आम लोगों के लिए भी एक अद्भुत अनुभव बन जाता है। अप्रैल का महीना भी कुछ ऐसा ही नजारा लेकर आ रहा है। जब दो उल्का वर्षाएं एक साथ आसमान में अपनी झलक दिखाएंगी। यह खगोलीय घटना ना सिर्फ विज्ञान के लिहाज से दिलचस्प है, बल्कि आकाश निहारने के शौकीनों के लिए भी किसी सौगात से कम नहीं।

### 17 अप्रैल से 26 अप्रैल तक सक्रिय



लिरिड्स उल्का वर्षा 17 अप्रैल से 26 अप्रैल तक सक्रिय रहेगी और इसका चरम समय 21 और 22 अप्रैल की सुबह होगा। यह उल्काएं गिरती हैं और कभी-कभी इनमें आग जैसी चमक भी दिखती है। यह उल्का वर्षा करीब 2,700 वर्षों से देखी जा रही है, जो इसे सबसे पुरानी खगोलीय घटनाओं में से एक बनाती है। दूसरी ओर एटा एक्वारिड्स उल्का वर्षा 20 अप्रैल से शुरू होकर 21 मई तक चलेगी। जिसका चरम 3 और 4 मई को होगा। यह उल्काएं प्रसिद्ध हैली के पुच्छल तारे की धूल से उत्पन्न होती हैं। हालांकि, यह दक्षिणी गोलार्ध में ज़्यादा स्पष्ट रूप से दिखाई देती हैं, लेकिन इस बार उत्तरी क्षेत्रों में भी इन्हें देखा जा सकेगा खासकर 20 से 26 अप्रैल के बीच।

## आसमान प्रेमियों के लिए खास तोहफा

असल में अप्रैल महीने में आसमान प्रेमियों के लिए एक खास तोहफा लेकर आ रहा है। इस बार दो उल्का वर्षाएं लिरिड्स और एटा एक्वारिड्स एक ही समय पर सक्रिय होंगी। नासा के मुताबिक यह दुर्लभ खगोलीय संयोग 20 अप्रैल से 26 अप्रैल तक देखा जा सकेगा, जिसमें प्रति घंटे 100 तक उल्काएं गिर सकती हैं।





### लगभग 30 मिनट तक अंधेरे में

नासा की सलाह है कि उल्का वर्षा का आनंद लेने के लिए शहर की लाइटों से दूर खुले और अंधेरे स्थान पर जाएं। एक कंबल या लेटने की जगह लेकर आसमान की ओर पूर्व दिशा में देखें और लगभग 30 मिनट तक अंधेरे में आंखों को समायोजित करें। धैर्य रखें क्योंकि यह शो सुबह तक चलेगा। अप्रैल में उल्का वर्षा के अलावा भी कई और खगोलीय घटनाएं देखने को मिलेंगी। 12 अप्रैल को गुलाबी माइक्रो फुल मून जैसी स्थिति और 27 अप्रैल को सुपरमून दिखेगा। ये सभी घटनाएं आपकी रात को और भी खास बना सकती हैं।

### यहां पर घर के बाहर लोग नींबू मिर्ची नहीं टांगते हैं ऐसी चीज




जानकर सौ बार सोचेंगे आप

**लंदन।** दुनिया के अलग-अलग देशों में अलग-अलग रीति - रिवाजों और परंपराओं का पालन किया जाता है। कई देशों की अजीबोगरीब परंपराओं के बारे में जानकर आपको हैरानी होगी। आज हम आपको अपनी इस खबर में एक अनोखी परंपरा के बारे में बताने जा रहें, जिसका पालन भूटान में किया जाता है। देश की इस परंपरा के बारे में जानकर आप हैरान हो जाएंगे। साथ ही आपके मन में सवाल खड़ा होगा कि आखिर ऐसा क्या किया जाता है? अभी तक आपने देखा होगा कि लोग बुरी नजर से बचने के लिए घर के बाहर नींबू-मिर्ची बांधकर रखते हैं। कहा जाता है कि ऐसा करने से कोई भी नकारात्मक चीज घर से दूर रहती है। लेकिन, क्या आपने कभी देखा है कि कोई घर के बाहर पुरुष का प्राइवेट यानी लिंग भी टांगता है? लेकिन, भूटान में लोग ऐसा करते हैं। इस अनोखी परंपरा की एक विशेष मान्यता है। भूटान में एक चिमी ल्हाखांग प्रसिद्ध मंदिर। यह मंदिर लामा द्रुकपा क्यूनले को समर्पित है। इन्होंने अपनी शक्तिशाली लिंग से एक राक्षसी को हराया था। सबसे हैरान करने वाली बात यह है कि यहां घरों की दीवारों पर अलग-अलग रंगों और सुंदर डिजाइनों में बनी विशाल लिंग की पेंटिंग लगाई गई हैं। मंदिरों के दरवाजों पर बड़े-बड़े लकड़ी के उकेरे लिंग और छोटे-छोटे लिंग के प्रतीक हैं, जिन्हें घरों और दुकानों के दरवाजों पर लगाया गया है।



### 3000 साल पुराने इस मंदिर में विज्ञान के सारे सिद्धांत फेल, गर्भगृह देख चकरा जाता है वैज्ञानिकों का माथा

**नई दिल्ली।** भारतीय सभ्यता दुनिया की सबसे प्राचीन सभ्यताओं में गिनी जाती है। यहां की प्राचीन सांस्कृति की सबसे बड़ी गवाही यहां के मंदिर देते हैं, जो अपनी संरचनाओं के लिए दुनियाभर में आज भी आकर्षण का केंद्र बने हुए हैं। इन मंदिरों की बनावट देखकर हर कोई अचरज में पड़ जाता है। ऐसा ही एक मंदिर नीरपुथूर मंदिर है। करीब 3000 साल पुराना यह मंदिर



रहस्यों से भरपूर है, जहां विज्ञान के सारे स्थापित सिद्धांत फेल हो जाते हैं। यह मंदिर और इसका गर्भगृह आज भी शोधकर्ताओं और वैज्ञानिकों के लिए एक अबूझ पहेली बना हुआ है। इस मंदिर का सबसे रहस्यमय पहलू इसमें मौजूद शिवलिंग है, जिसे लेकर मान्यता है कि यह किसी इंसानी प्रयास से नहीं, बल्कि स्वयं प्रकट हुआ है। विज्ञान जहां किसी भी चीज की उत्पत्ति और रूप को विश्लेषणात्मक नजर से देखता है, वहीं इस शिवलिंग की मौजूदगी वैज्ञानिकों को स्तब्ध कर देती है।

#### शिवलिंग के चारों ओर साल भर भरा रहता है जल

मंदिर में स्थित जल का स्रोत भी एक रहस्य ही है। यहां शिवलिंग के चारों ओर सालों भर जल भरा रहता है, चाहे सूखा हो या बारिश का मौसम पानी की इस हमेशा मौजदूगी ने भू-वैज्ञानिकों को भी सोच में डाल दिया है। यह पानी कहां से आता है, इसका कोई ठोस वैज्ञानिक प्रमाण नहीं मिल पाया है। इस जल को 'चमत्कारी'भी कहा जाता है, क्योंकि श्रद्धालुओं का मानना है कि इसमें रोग निवारण की शक्ति है। माना जाता है इसमें कुछ खनिज तत्व हो सकते हैं, जो स्वास्थ्य को लाभ पहुंचाते हों, लेकिन जिस स्तर पर इसे 'औषधीय जल'कहा जाता है, वह विज्ञान की सीमाओं से परे प्रतीत होता है।



07-APR-K&C-MAIN- Pg- 8-RAJDHANI_Layout 1 4/8/2025 12:36 AM Page 1



### हर पांच किमी के दायरे में बनेगी सुरक्षा चौकी, ड्रोन से भी होगी निगरानी

# नक्सलियों के खिलाफ निर्णायक लड़ाई की तैयारी सीमावर्ती क्षेत्रों में जल्द खुलेंगे 50 नए सुरक्षा कैंप



हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

नक्सलियों के खिलाफ अब निर्णायक लड़ाई की तैयारी शुरू हो गई है। पिछले दिनों सुरक्षा बलों के साथ नक्सल उन्मूलन को लेकर रणनीति तैयार की गई। यह तय किया गया कि आने वाले दिनों में राज्य के सीमावर्ती और नक्सल प्रभावित इलाकों में 50 नए सुरक्षा कैंप स्थापित किए जाएंगे। बस्तर सहित अन्य नक्सल प्रभावित इलाकों में विकास के रोडमैप पर चर्चा हुई।

नक्सल कार्रवाई में तेजी लाने इंटर स्टेट कॉर्डिनेशन को मजबूती देने और राज्यों की सीमाओं पर सुरक्षा बलों की तैनाती को लेकर भी अहम निर्णय लिए गए। हर पांच किलोमीटर के दायरे में सुरक्षा चौकियां बनाकर अधो संरचना तैयार की जाएगी। दुर्गम इलाकों में पांच से 25 किलोमीटर तक की उड़ान भरने वाले ड्रोन से निगरानी होगी। भाजपा सरकार के गठन के बाद से अब तक 60 सुरक्षा कैंप खोले जा चुके हैं। बस्तर संभाग में 41 कैंप स्थापित किए गए हैं।

## नक्सल मुक्त जिलों के फोर्स की बस्तर में तैनाती

राजनांदगांव और अन्य नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में आईटीबीपी की चार बटालियन तैनात की थीं। इन बटालियनों ने नक्सल प्रभावित इलाकों में कैंप स्थापित कर विकास कार्यों को गति दी थी। अब इन जिलों को नक्सल मुक्त घोषित किए जाने के बाद फोर्स की तैनाती में बदलाव किया जा सकता है। दो कंपनियों को यहां से बस्तर भेजा जा चुका है और संभव है कि अब बाकी फोर्स भी बस्तर क्षेत्र में तैनात हो जाएं।

## दिल्ली में अगले सप्ताह बैठक

अधिकारियों के मुताबिक इस माह 15 से 20 अप्रैल के बीच दिल्ली में केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह की अगुवाई में होने वाली आगामी बैठक में छत्तीसगढ़ समेत सभी नक्सल प्रभावित राज्यों के गृहमंत्रियों और पुलिस महानिदेशकों से समन्वय स्थापित कर नक्सलियों की घेरेबंदी कर उन्हें समाप्त करने की अंतिम रणनीति पर चर्चा होगी। छत्तीसगढ़ से लगने वाले अन्य राज्यों की सीमाओं पर चौकसी बढ़ाई जाएगी, ताकि नक्सली वहां शरण न ले सकें।

## 60 हजार से अधिक जवान तैनात

बस्तर क्षेत्र में अभी 60 हजार से अधिक सुरक्षा बल के जवान तैनात हैं। सीआरपीएफ की चार नई बटालियन भी तैनात की गई है। इधर नक्सलवाद से जूझ रहे राजनांदगांव, खैरागढ़-छुईखदान-गंडई और कवर्धा जिले को केंद्र सरकार ने नक्सल मुक्त घोषित कर दिया है। साथ ही इन जिलों में अब विकास कार्यों में तेजी लाने के निर्देश दिए गए हैं। मोहला-मानपुर-चौकी जिले को अब हाई नक्सल इलाकों की श्रेणी से एलडब्लूई की श्रेणी में बदल दिया गया है। केंद्र सरकार और राज्य सरकार के संयुक्त प्रयासों से नक्सलियों को बैकफुट पर लाकर इन जिलों को नक्सल मुक्त किया गया है। पिछले कुछ सालों में इन क्षेत्रों में नक्सलियों ने कोई बड़ी घटना नहीं की, और अब केंद्र सरकार ने इन्हें नक्सल प्रभावित जिलों की सूची से बाहर कर दिया है।

## छत्तीसगढ़ में नक्सलियों और अपराधियों की बनेगी कुंडली, तैयार होगी प्रोफ़ाइल

छत्तीसगढ़ में नक्सलियों और अपराधियों की कुंडली जल्द ही तैयार की जाएगी। इस काम के लिए साफ्टवेयर विकसित किया जाएगा। इसमें नक्सलियों और अपराधियों के रिकार्ड बनाने की प्रणाली काम करेगी। राज्य पुलिस मुख्यालय ने यह तकनीक खरीदने के लिए द्वितीय टेंडर जारी किया है।

नक्सलियों अपराधियों की कुंडली बनाने के लिए पुलिस मुख्यालय ने जो टेंडर जारी किया है, उसमें साफ्टवेयर के स्पेसीफिकेशन में कहा गया है कि एक समान और सरलीकृत यूआई विकसित किया जाना चाहिए, जो अंतिम उपयोगकर्ता सॉफ़्टवेयर से संबंधित विभिन्न सॉफ़्टवेयर घटक का सहज रूप से उपयोग करने में सहायता कर सके। सॉफ़्टवेयर में आपराधिक नक्सल रिकॉर्ड बनाने की प्रणाली होनी चाहिए।साफ्टवेयर में होगी उन्नत खोज की तकनीक- एडवांस सर्च उपयोगकर्ता को विकसित डेटाबेस पर अपराधी की श्रेणी, अपराध के क्षेत्र, एफआईआर के क्षेत्र के आधार पर समग्र रूप से खोज करने में सहायता करेगा। ऐसे मामलों को संभालने के लिए सॉफ़्टवेयर में एडवांस सर्च तकनीक होगी। ऐसे मामलों को संभालने के लिए सॉफ़्टवेयर में एक उन्नत खोज तकनीक होगी। जहाँ एक ही व्यक्ति के नाम की वर्तनी अलग-अलग हो सकती है लेकिन खोज क्वेरी दोनों वर्तनी के लिए नाम खोजने में सक्षम होगी।

### एआई का भी होगा इस्तेमाल

सॉफ़्टवेयर को वेब-आधारित पैनल के साथ-साथ मोबाइल एप्लिकेशन के माध्यम से पिछले आपराधिक रिकॉर्ड को डिजिटल करने की प्रणाली भी होगी। इसे उपयोगकर्ता को विभिन्न पाठ्य और चेहरे की छवि डेटा को कैप्चर करने और उन्हें उन्नत कृत्रिम बुद्धिमत्ता तंत्र के माध्यम से एकीकृत करने में सहायक होगा ताकि अद्वितीय आपराधिक रिकॉर्ड बनाया जा सके। रिकॉर्ड किए गए डेटा पर खोज करने के लिए एक अलग खोज मॉड्यूल भी शामिल होगा।

## कवासी लखमा की पुलिस रिमांड एक बार फिर बढ़ी



**रायपुर।** दो हजार करोड़ रुपए से ज्यादा के शराब घोटाला मामले में ईओडब्ल्यू द्वारा गिरफ्तार किए गए पूर्व आबकारी मंत्री कवासी लखमा की स्पेशल कोर्ट ने एक बार फिर पुलिस रिमांड अवधि बढ़ाने का आदेश दिया है। ईओडब्ल्यू के आवेदन पर कोर्ट ने कवासी को 11 अप्रैल तक ईओडब्ल्यू की रिमांड पर देने का फैसला सुनाया है। रिमांड अवधि समाप्त होने के बाद सोमवार को कवासी लखमा को कोर्ट में पेश किया गया था। ईओडब्ल्यू ने कोर्ट में आवेदन पेश कर रिमांड अवधि बढ़ाने की मांग की थी। शराब घोटाला मामले में ईडी ने कवासी लखमा को जनवरी में गिरफ्तार किया था। ईडी की पूछताछ के बाद से कवासी लखमा न्यायिक रिमांड पर रायपुर सेंट्रल जेल में बंद हैं। 2 अप्रैल को न्यायिक रिमांड की अवधि समाप्त होने के बाद ईडी ने उन्हें कोर्ट में पेश किया था। पेशी के दौरान ईओडब्ल्यू ने कवासी लखमा को गिरफ्तार करने कोर्ट में आवेदन प्रस्तुत कर रिमांड की मांग की थी। आवेदन के आधार पर कोर्ट ने 7 अप्रैल तक पूछताछ करने ईओडब्ल्यू की रिमांड पर देने का फैसला सुनाया था।

### पूछताछ में नहीं दे रहे सहयोग

सूत्रों के मुताबिक, कवासी लखमा से ईओडब्ल्यू को पूछताछ में कोई सहयोग नहीं मिल रहा है। इस वजह से उनकी दोबारा रिमांड ली गई है। किसी भी तरह के सवाल पूछे जाने पर कवासी लखमा जांच एजेंसी को गोलमोल जवाब दे रहे हैं। साथ ही सवाल पूछे जाने पर पूर्व में ईडी को जवाब देने की बात कहकर सवालों से बचने की कोशिश कर रहे हैं।

### विकास अधिकारी के 200 पदों पर भर्ती

# ग्रामीण विकास में पीजी करने वालों को 15% अतिरिक्त अंक

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

व्यावसायिक परीक्षा मंडल द्वारा सहायक विकास अधिकारी के 200 पदों के लिए आवेदन प्रारंभ कर दिए गए हैं। कैंडिडेट्स इसके लिए 2 मई तक आवेदन कर सकेंगे।

- व्यापम ने शुरू की आवेदन प्रक्रिया, 2 मई तक भर सकेंगे फॉर्म
- 15 जून को आयोजित होगी परीक्षा, स्नातक अनिवार्य

इसके लिए स्नातक की उपाधि होना अनिवार्य है, लेकिन ग्रामीण विकास विषय में स्नातकोत्तर की उपाधि रखने वाले विद्यार्थियों को 15% का अतिरिक्त वेटेज मिलेगा।

व्यापम द्वारा जारी की गई अधिसूचना में इसका जिक्र किया गया है। इसके मुताबिक, अभ्यर्थियों के 85% अंकों की गणना उनके द्वारा प्रतियोगी परीक्षाओं में प्राप्त किए गए अंकों के आधार पर होगी, जबकि शेष 15% अंकों की गणना ग्रामीण विकास में स्नातकोत्तर की उपाधि के आधार पर होगी।अर्थात ऐसे अभ्यर्थी जिन्होंने ग्रामीण विकास में स्नातकोत्तर की उपाधि हासिल की है, उन्हें 15% अंक अतिरिक्त मिलेंगे। विकास आयुक्त कार्यालय द्वारा पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग में रिक्त पदों पर यह भर्ती की जा रही है। परीक्षा 15 जून को होगी, जबकि प्रवेश पत्र 6 जून को जारी होंगे। इसके पूर्व 2 मई तक आवेदन करने के पश्चात 3 से 5 मई तक का समय त्रुटि सुधार के लिए दिया जाएगा। सभी 33 जिला मुख्यालयों में यह परीक्षा होगी।

### पूछा जाएगा पंचायत राज

भर्ती परीक्षा में सामान्य अध्ययन के साथ ही छग के सामान्य ज्ञान आधारित सवाल भी पूछे जाएंगे। ग्रामीण विकास की योजना एवं पंचायती राज संबंधित सवाल भी परीक्षा का हिस्सा होंगे। इसके अंतर्गत आजीविका संबंधित योजना, पंचायत राज और ग्रामीण विकास फ्लैगशिप योजना के टॉपिक शामिल रहेंगे। सामान्य हिंदी के सवाल भी पूछे जाएंगे। व्यापम द्वारा इसके लिए पृथक सिलेबस जारी कर दिया गया है। अभ्यर्थी व्यापम की वेबसाइट पर इसे देख सकते हैं।

### प्रवेश परीक्षाओं के बाद भर्ती परीक्षाएं

व्यापम द्वारा प्रवेश परीक्षाओं के लिए आवेदन प्रारंभ कर दिए गए हैं। व्यापम द्वारा एक मई से पीपीटी और प्री एमसीए प्रवेश परीक्षाओं के साथ इसकी शुरुआत होगी। इसके बाद ही व्यापम भर्ती परीक्षाएं भी आयोजित करेगा। 5 जून को अंतिम भर्ती परीक्षा होगी। इसके पश्चात सहायक विकास अधिकारी भर्ती परीक्षा के साथ विभिन्न विभागों में नियुक्ति के लिए परीक्षाएं ली जाएंगी। प्रवेश परीक्षाओं के बाद होने वाली भर्ती परीक्षाओं के लिए आवेदन प्रारंभ कर दिए गए हैं।

**पीएम श्री स्कूल, जवाहर नवोदय विद्यालय, चिस्दा, जिला-सक्ती (छ.ग.)**

स.क्रं.जनवि/चिस्दा/निविदा/2025-26 दिनांक : 07.04.2025

**निविदा सूचना**

जवाहर नवोदय विद्यालय चिस्दा, जिला - सक्ती (छ.ग.) में सत्र 2025-26 के लिए टॅक शाप (बालक एवं बालिका) संचालन हेतु सीलबंद निविदा दिनांक 15.04.2025 सायं 4:00 बजे तक स्वयं अथवा रजिस्टर्ड डाक से आमंत्रित की जाती है, जो दिनांक 16.04.2025 को सुबह 11.00 बजे विद्यालय क्रय समिति द्वारा, उपस्थित निविदाकर्ताओं के समक्ष खोली जावेगी। निविदा प्रपत्र सौ रूपये मात्र का नगद भुगतान कर विद्यालय कार्यालय से दिनांक 08.04.2025 से 15.04.2025 तक कार्यालयीन दिवस में प्रात: 9:00 बजे से दोपहर 1:30 बजे तक प्राप्त किया जा सकता है।

प्राचार्य

**OFFICE OF THE CHIEF ENGINEER (CIVIL), CSPGCL,**
Shed No. 11, Dangania, Raipur-492013 Phone No. 0771-2574562, website www.cspc.co.in
E-mail:- civilprojectcmg@gmail.com

No.04-04/W/58 Raipur, date 04-04-2025

**E-TENDER NOTICE**

Online bids are invited through CSPCL e-bidding system (SAP SRM) from contractors registered in appropriate class in CSPGCL. The unregistered contractor having experience in Govt./Public Sector Undertaking/Local bodies/Power Generating Companies in India only may also be considered on submission of experience certificate for following work as mentioned below:-

| Tender Specifi. No. | Name of Work | NIT value |
|---|---|---|
| CEC/DSPM-KE/W/2025/ 01 | Construction of boundary wall in vacant land along the KTPS Railway track to safe guard valuable company's property at Manas Nagar DSPM -TPS, CSPGCL, Korba East | 19.22 Lacs |
| CEC/DSPM-KE/W/2025/ 02 | Urgent deep screening work of all point & crossings at exchange yard at CSEB railway siding for smooth supply of coal to DSPM - TPS, CSPGCL, Korba East | 9.69 Lacs |
| CEC/HTPS-KW/W/2025/03 | Renovation of toilet and hammer site store at mechanical maintenance office (INT: CHP) 4x210MW, HTPS, CSPGCL, Korba West. AND Making of new store room at ground floor and renovation of A.E. site office of TMD-I at 4x210MW, HTPS, CSPGCL, Korba West | 5.55 Lacs |
| CEC/HTPS-KW/W/2025/04 | Providing cement concrete flooring for protection against frequent growth of wild vegetation at some prime location of 1x500MW Extn., Unit at HTPS, CSPGCL, Korba West | 11.05 Lacs |
| CEC/HTPS-KW/W/2025/05 | Annual operation of pumps and valves for drinking water supply at colony complex at HTPS, CSPGCL, Korba West | 16.99 Lacs |
| CEC/HTPS-KW/W/2025/06 | Providing Catering facility i/c running maintenance of room services and up keeping of rooms of VIP Guest House at HTPS, CSPGCL, Korba West | 5.56 Lacs |
| CEC/HTPS-KW/W/2025/07 | Annual maintenance & upkeep of various gardens, lawns situated in different location in colony complex at HTPS, CSPGCL, Korba West | 13.38 Lacs |
| CEC/DSPM-KE/W/2025/ 08 | Annual work of (i) Sweeping & cleaning of ADM building, time office, gate complex, Fire office & adjoining area (ii) Daily work of cleaning of service building and its surrounding area cleaning of toilet block of main power house building unit no. I & II at DSPM-TPS, CSPGCL, Korba East | 26.73 Lacs |

Note:- (i) The detailed NIT, Tender document & other details can be viewed and downloaded online from our e-bidding portal https://ebidding.cspcl.co.in:50724/ irj /portal. (ii) NIT value is inclusive of GST @ 18%.

SAVE ELECTRICITY

Chief Engineer (Civil)
CSPGCL, Raipur

## बढ़ती गर्मी, सुबह-शाम की फ्लाइट पर ज्यादा लोड, दोपहर के सफर से बच रहे यात्री

**रायपुर।** राजधानी में बढ़ रही गर्मी का असर स्वामी विवेकानंद एयरपोर्ट से दोपहर के वक्त संचालित होने वाली फ्लाइट पर होने लगा है। बढ़ती गर्मी की वजह से यात्री सुबह और शाम के शेड्यूल में संचालित होने वाली फ्लाइट का चुनाव कर रहे हैं। इसकी वजह से दोपहर में आवाजाही करने वाली फ्लाइट में यात्रियों की संख्या कम है। अभी विमानों में आवाजाही करने वालों की संख्या सामान्य है आने वाले दिनों में गर्मी की छुट्टी शुरू होने के बाद इसमें बढ़ोतरी होने का अनुमान है।

स्वामी विवेकानंद एयरपोर्ट में वर्तमान में प्रतिदिन औसतन 28-30 विमानों की आवाजाही होती है, जिसमें प्रतिदिन 76 से 78 सौ यात्री सफर कर रहे हैं। विमानतल से जुड़े सूत्रों के अनुसार यह आंकड़ा सामान्य है, जब छुट्टियों का सीजन शुरू होगा, तो पैसेंजर की संख्या 8 से 9 हजार के बीच हो जाएगी। उनके मुताबिक प्रदेश में गर्मी बढ़ रही, जिसकी वजह से ज्यादातर लोग दोपहर में आवाजाही से परहेज करने लगे हैं। इसका असर दोपहर 12 से अपरान्ह 4 बजे तक संचालित होने वाली दर्जनभर फ्लाइट में यात्रियों की कम संख्या के रूप में नजर आ रहा है।

### सर्वे में तय हुआ था पीक

गर्मी के मौसम में यात्रियों की संख्या के हिसाब से विमानतल में अतिरिक्त इंतजाम रखने के लिए कुछ साल पहले विमानतल प्रबंधन द्वारा सर्वे कराया गया था। उस दौरान विमानतल में पीक टाइमिंग सुबह और शाम के वक्त माना गया था। इसके बाद से एयरपोर्ट में दोनों वक्त में संचालित होने वाले विमानों को ध्यान में रखते अतिरिक्त इंतजाम किया जाता है। शहर में संचालित होने वाली 70 फीसदी फ्लाइट सुबह और शाम के टाइम आवाजाही करती है।

**सेन्ट्रल माईन प्लानिंग एण्ड डिजाइन इन्स्टीच्यूट लिमिटेड**
(कोल इण्डिया लिमिटेड की एक अनुषंगी कम्पनी)
गोंदवाना प्लेस, काँके रोड, राँची-834008, झारखंड, भारत

**सूचना**

"सामग्री, कार्यों एवं सेवाओं की खरीद हेतु सीआईएल एवं इसकी अनुषंगी कम्पनियों द्वारा जारी सभी निविदाएँ कोल इण्डिया लिमिटेड की वेबसाइट **www.coalindia.in/** सम्बंधित अनुषंगी कम्पनी (सीएमपीडीआई, **www.cmpdi.co.in**), सीआईएल ई-प्रोक्योरमेंट पोर्टल **https://coalindiatenders.nic.in** एवं सेन्ट्रल पब्लिक प्रोक्योरमेंट पोर्टल **https://eprocure.gov.in** पर उपलब्ध है। इसके अलावा, जीईएम पोर्टल **https://gem.gov.in** के माध्यम से भी खरीद की जाती है।"

**छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड**
**(छत्तीसगढ़ शासन का एक उपक्रम) (छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत मण्डल की उत्तरवर्ती कंपनी)**

CSPDCL

**बिजली बंद की सूचना**

सम्माननीय विद्युत उपभोक्ताओं को सूचित किया जाता है, कि अम्बिकापुर ग्रामीण उपसंभाग अंतर्गत निर्बाध विद्युत आपूर्ति हेतु विभिन्न फीडरों, विद्युत लाइनों एवं उपकरणों का प्री-मानसून अनुरक्षण एवं रखरखाव कार्य कराया जाना है। ग्रामीण उपसंभाग के अंतर्गत अनुरक्षण कार्य हेतु फीडरवार प्रस्तावित तिथि एवं समय का विवरण निम्नानुसार है। सम्माननीय उपभोक्ताओं को होने वाली असुविधा के लिए खेद है।

| क्र. | दिनांक | समय | उपकेन्द्र का नाम | 33 के.व्ही. फीडर का नाम | प्रभावित क्षेत्र |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 09.04.2025 | प्रात: 9 बजे से दोपहर 3 बजे तक | 132/33 के.व्ही. उपकेन्द्र बिशुनपुर | एम.एस.पी. (अदानी) | 33 के. व्ही. एम. एस. पी. ( अदानी) फीडर से विद्युत प्रदाय किये जाने वाले समस्त उपकेन्द्र एवं 11 के.व्ही. फीडर |
| 2 | 11.04.2025 | प्रात: 9 बजे से दोपहर 3 बजे तक | 132/33 के.व्ही. उपकेन्द्र बिशुनपुर | बतौली | 33. के. व्ही. बतौली फीडर से विद्युत प्रदाय किये जाने वाले समस्त उपकेन्द्र एवं समस्त 11 के.व्ही. फीडर |
| 3 | 15.04.2025 | प्रात: 9 बजे से दोपहर 3 बजे तक | 132/33 के.व्ही. उपकेन्द्र बिशुनपुर | कल्याणपुर | 33 के.व्ही. कल्याणपुर फीडर से विद्युत प्रदाय किये जाने वाले समस्त उपकेन्द्र एवं समस्त 11 के.व्ही. फीडर |
| 4 | 16.04.2025 | प्रात: 9 बजे से दोपहर 3 बजे तक | 33/11 के.व्ही. उपकेन्द्र दरिमा | नवानगर | 33 के.व्ही. नवानगर फीडर से विद्युत प्रदाय किये जाने वाले 33/11 केव्ही उपकेन्द्र नवानगर एवं समस्त 11 के.व्ही. फीडर |
| 5 | 16.04.2025 | प्रात: 9 बजे से दोपहर 3 बजे तक | 132/33 के.व्ही. उपकेन्द्र बिशुनपुर | सरगवां | 33 के.व्ही. सरगवां फीडर से विद्युत प्रदाय किये जाने वाले 33/11 केव्ही उपकेन्द्र चठिरमा, परसा एवं समस्त 11 के.व्ही. फीडर |
| 6 | 17.04.2025 | प्रात: 9 बजे से दोपहर 3 बजे तक | 132/33 के.व्ही. उपकेन्द्र बिशुनपुर | न्यू सरगवां | वैकल्पिक व्यवस्था द्वारा प्रभावित होने वाली 33/11 केव्ही उपकेन्द्र चालू रहेगी |
| 7 | 21.04.2025 | प्रात: 9 बजे से दोपहर 3 बजे तक | 132/33 के.व्ही. उपकेन्द्र बिशुनपुर | सरगवां | 33 के.व्ही. सरगवां फीडर से विद्युत प्रदाय किये जाने वाले 33/11 केव्ही उपकेन्द्र परसा एवं समस्त 11 के.व्ही. फीडर |

नोट- आवश्यकतानुसार समयावधि घटाई या बढ़ाई जा सकती है।
"स्वहित एवं राष्ट्रहित में उर्जा बचाएँ" "विद्युत चोरी दण्डनीय अपराध है"

कार्यपालन यंत्री (सं / स) संभाग
छ.स्टे.पॉ.डि.कं.लिमि.अंबिकापुर

## राशिफल

**मेष** मन में नकारात्मक विचारों से बचें। बातचीत में सन्तुलन बनाये रखें। नौकरी में कार्यक्षेत्र में बदलाव हो सकता है। माता का सानिध्य मिलेगा।

**वृष** व्यर्थ के क्रोध से बचें। नौकरी में अफसरों से सद्भाव बनाकर रखें। तरक्की के अवसर मिल सकते हैं। संगीत में रुचि हो सकती है।

**मिथुन** भागदौड़ अधिक रहेगी। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। अनियोजित खर्चों में वृद्धि हो सकती है। अचानक धन प्राप्ति के योग बन रहे हैं।

**कर्क** क्रोध के अतिरेक से बचें। शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी। नौकरी में कार्यक्षेत्र में वृद्धि हो सकती है। परिश्रम अधिक रहेगा।

**सिंह** नौकरी में तरक्की के लिए साक्षात्कारादि कार्यों में सफलता मिलेगी। यात्रा पर जाना हो सकता है। संयत रहें। क्रोध के अतिरेक से बचें।

**कन्या** धार्मिक संगीत में रुचि बढ़ सकती है। कारोबार का विस्तार हो सकता है। परिश्रम अधिक रहेगा। नौकरी में तरक्की के मार्ग प्रशस्त होंगे।

**तुला** व्यर्थ के क्रोध एवं वाद-विवाद से बचें। स्वभाव में चिड़चिड़ापन रहेगा। धन की स्थिति सन्तोषजनक रहेगी। शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी।

**वृश्चिक** क्रोध एवं आवेश के अतिरेक से बचें। आत्मविश्वास से लबरेज रहेंगे। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। माता से धन की प्राप्ति हो सकती है।


**धनु** पठन-पाठन में रुचि रहेगी। शैक्षिक कार्यों के लिए विदेश जाने के योग बन रहे हैं। भाग-दौड़ अधिक रहेगी। खर्च अधिक रहेंगे। स्वास्थ्य का ध्यान रखें।

**मकर** आलस्य की अधिकता रहेगी। कारोबार का विस्तार होगा। लाभ के अवसर मिलेंगे। कार्यक्षेत्र में परिश्रम अधिक रहेगा। बहन-भाइयों का सहयोग मिलेगा।

**कुंभ** कुटुम्ब-परिवार में धार्मिक कार्य होंगे। कुटुम्ब के किसी बुजुर्ग से धन की प्राप्ति हो सकती है। आय में वृद्धि होगी। बातचीत में संयत रहें।

**मीन** शैक्षिक कार्यों में मन लगेगा, परन्तु शैक्षिक कार्यों में कठिनाई भी आ सकती है। जीवनसाथी से मतभेद बढ़ सकते हैं। सुखद समाचार मिलेगा।

## शब्द पहेली - 5830




**बाएँ से दाए**

1. मरघट, कब्रिस्तान-4
3. पागल, बुद्धिहीन-4
8. भगवान, ईश्वर, खुदा-7
10. डांटना, दुत्कार-3
11. तरुण, किशोर-3
13. ओट, घूँघट-3
15. तपस्या-2
17. पराया, अजनबी-2
18. आनंद, मौज-2
19. सूर्य, भास्कर-2
21. चिंतन, सोच विचार-3
25. वेणी, फूलों की माला जो बालों में लगाते हैं-3
26. वैद्य-3
27. आभास करना-4,3
30. शिव के इस मंदिर को महमूद गजनवी ने कई बार लूटा था-2,2
31. युद्धघोष, आक्रमण, हमला-4

**ऊपर से नीचे**

2. कवि, गजलकार-3
4. भारत का झंडा-3
5. ईश्वर, भगवान-4
6. गुरुवार-4
7. दुर्जन, पापी, भूत-3
8. शरण, आश्रय-3
9. चांदी-3
12. उत्तराधिकारी-3
13. उत्कृष्ट, प्रधान-3
14. आंचल-3
16. कमल-3
20. रुकना, अंत, ठहराव-3
22. उत्तमता, खूबी (उर्दू-4)
23. बर्दाश्त करना, निभाना-3
24. आय, कमाई-4
25. उष्ण-3
28. पराजित करना-3
29. उपपत्नी, दूसरी पत्नी-3

**शब्द पहेली- 5829 का हल**



## सूडोकु नवताल- 5840

★★★ मध्यम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 4 | 6 | | 3 | | 8 | 9 | | 7 |
| | 1 | | 9 | | 6 | | 5 | 4 |
| | | | | | | 8 | | |
| | 4 | | 5 | | | | 8 | |
| 2 | | 5 | | 4 | | 6 | | 1 |
| | 3 | | | | 1 | | 7 | |
| | | 3 | | | | | | |
| 5 | 9 | | 7 | | 2 | | 6 | |
| 7 | | 6 | 4 | | 3 | | 9 | 2 |

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

**सूडोकु नवताल- 5839 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 7 | 2 | 3 | 8 | 4 | 1 | 9 | 6 |
| 8 | 6 | 1 | 9 | 2 | 5 | 7 | 3 | 4 |
| 3 | 9 | 4 | 1 | 6 | 7 | 5 | 8 | 2 |
| 2 | 5 | 7 | 4 | 1 | 3 | 8 | 6 | 9 |
| 4 | 8 | 6 | 5 | 9 | 2 | 3 | 7 | 1 |
| 1 | 3 | 9 | 6 | 7 | 8 | 4 | 2 | 5 |
**बेचना है**-सर्वसुविधायुक्त कृषि भूमि फार्म हाउस 6 एकड़ आदिवासी भूमि ग्राम भैसाझार रतनपुर में स्थित है। जिसमें 3BHK मकान 3 सर्वेंट क्वाटर बड़ा गैरेज पोल्ट्री फार्म, डेयरी 2 बोर ट्रांसफार्मर सौर ऊर्जा फेसिंग 6 CCTV कैमरा, रोटोवेटर फलदार बगीचा बेचना है सम्पर्क करें- 94255 31324, 7067522601 **(37338)**

**बेचना है**-अज्ञेय नगर 30×50 अल्का एवेन्यू 45×85 शान्ती नगर 30×54, डबल स्टोरी मकान अपोलो हास्पीटल 24×64, शुभम विहार 72×43 24×43, 36×43, मरीमाई मेन रोड 132×82 पटवारी प्रशिक्षण कार्यालय 105×166 सम्पर्क- 9425540759 **(37245)**

**बेचना है**-बिलासपुर बस स्टैण्ड तिफरा से 5 मिनट की दूरी पर यदुनन्दन नगर में 3BHK मकान बेचना है लाल ईंट, सागौन दरवाजा, फाल सीलिंग कीमत 35लाख, 3माह में पजेशन सम्पर्क- 98263 14444 **(37310)**

**बेचना है**-तुर्काडीह बड़ी कोनी में नेशनल हाईवे पर 78 डिसमिल जमीन बेचना है सम्पर्क करें- 8878820110 **(37346)**

**Advertisement Booking Time 10.30 AM to 4.00 PM**

## हरिभूमि में लघु विज्ञापन देने हेतु सम्पर्क करें

- जिला कार्यालय कोरबा:- बी.ब्लॉक, कॉमर्शियल कामलेक्स, ट्रांसपोर्ट नगर, जिला कोरबा (छ.ग.) मो. 9644018888, 7581808267
- जिला कार्यालय मुंगेली:- थाना के सामने गली, गोल बाजार, जिला- मुंगेली (छ.ग.) मो. 9303508230
- शिवम एड एजेंसी & पब्लिसिटी:- मो. 9993567380, 8770837744
- एड प्रयास:- मो. 9826701269, 9926003943
- श्यामनानी एडवरटाईजर्स:- मो. 9827168452, 9300625174
- रिद्धीसिद्धी एडवरटाइजर्स & पब्लिसिटी:- मो. 9826129386, 8319503386
- जे.जे. एडवरटाइजर्स:- मो. 9300659628
- भार्गव एडवरटाइजर्स:- मो. 9827167997
- श्रीसिद्धि विनायक एडवरटाइजर्स:- मो. 9826705603
- एम.जी.आर. एडवरटाइजर्स:- मो. 9827180896, 9131155033
- रौनक पब्लिसिटी:- मो. 9300328290, 9981658490
- श्री श्याम पब्लिसिटी:- मो. 9425540759
- अमित पब्लिकेशन:- मो. 9826304304, 9827124304
- विप्रा विज्ञापन सेवा:- मो. 9302462506
- माधवास & कम्पनी:- मो. 9977185123, 9893115084
- बालाजी एडवरटाइजर्स:- मो. 9827466133, 9907047586

Medicare Specialists
छोटा लिंग निराश क्यों? जोश जगा दे धूम मचा दे।

18 से 75 वर्ष तक लाभदायक
लिंग को 7-8 ईन्च लम्बा मोटा, कठोर बनाये। सैक्स टाइम 30 से 45 मिनट बढाएं।
नसों की कमजोरी नामर्दी, धातु का पतलापन, शुगर, बी.पी. में भी जबरदस्त लाभदायक।
घर बैठे मंगवाये।
ब्रेस्ट टोनर क्रिम
लाभ नही तो पैसे वापिस।
09083218330
गुप्त रोगो का सफल ईलाज
- गुप्त रोग, नामर्दी
- लिंग में छोटापन।
- शीघ्र पतन
- पेशाब से धातू जाना।
- लिंग में ढीलापन,
- शुक्राणु की कमी।
- शुगर से आयी हुई सेक्स में कमी।
- जड़ीबुटी द्वारा खोई हुई शक्ति पुनः प्राप्त करें।
- चर्मरोग व वात रोग का ईलाज किया जाता है।
निःसंतान दम्पति आज ही मिलें
आज ही संपर्क करें
स्टेशन रोड, सीमरन होटल के सामने रायपुर, छ.ग.
9826038170

## CLASSIFIED RATE CARD

01 अप्रैल 2025 से लागू
हरिभूमि समाचार ही नहीं, विचार भी

| EDITION | Appointment | Service/ Business | Property Rent & Sale | Display |
|---|---|---|---|---|
| Raipur City | 500 | 620 | 550 | 175/- Sqcm |
| Bhilai+Durg Edition | 440 | 560 | 520 | 150/- Sqcm |
| Bilaspur City | 440 | 500 | 520 | 140/- Sqcm |
| Raipur All Edition | 720 | 820 | 800 | 240/- Sqcm |
| Bilaspur All Edition | 610 | 780 | 690 | 195/- Sqcm |
| All CG | 1000 | 1150 | 1120 | 310/- Sqcm |
| All CG+MP | 1280 | 1750 | 1600 | 330/- Sqcm |
| All Edition | 1700 | 2100 | 2000 | 380/- Sqcm |

WANTED Display Scheme 2+1, 3+2, 5+4

SCHEME
(Running) 3+1, 5+2, 10+6, 20+14, 30+25, 50+50
Display 2+1, 5+3, 10+7, 15+15, 20+25

1. Pick of the day 15% extra.
2. Rs. 70/- per day extra charge for bold advt.
3. Box Prise per day Rs. 80/-
4. 20% per day extra charge for colour advt.
5. After 30 words Rs. 10/- per day per extra word charge.
6. For E-mail Id Rs. 50/- Extra per day.
7. Business & Services- ASTROLOGY, SMS & Others.
8. NO SCHEME FOR TOWER & FINANCE AD
9. SINGLE DAY BOOKING 100 Rs. EXTRA.

COLOUR 20% Extra Charge For Disply

ADVT. Booking Time 10.30 am to 4.00 pm.

5% GST For All Ad

EDUCATION SPECIAL- Fix Size 10x3

| EDITION | RATE | Scheme |
|---|---|---|
| Raipur City | 3000 | 2+1 5+3 10+10 15+18 |
| Bhilai + Durg Edition | 2800 | |
| Raipur Edition | 4400 | |
| Bilaspur City | 2500 | |
| Bilaspur Edition | 3800 | |
| All CG | 5500 | |

MATRIMONIAL CG+MP

| (Runing Matter) | (Size 5x1 Box) |
|---|---|
| 500/- 1 Sunday | 800/- 1 Sunday |
| 900/- 2 Sunday | 1200/- 2 Sunday |
| 1200/- 3 Sunday | 1500/- 3 Sunday |

HEALTH CARE — 10X1 FIX SIZE

| | (30 Days) | (60 Days) | (90 Days) |
|---|---|---|---|
| Raipur City | 55000 | 85000 | 1,10,000 |
| Bilai + Durg Edition | 50000 | 80000 | 1,00000 |
| Bilaspur City | 40000 | 70000 | 1,00000 |
| Raipur All Edition | 70000 | 1,20,000 | 1,60,000 |
| Bilaspur All Edition | 55000 | 1,00000 | 1,20,000 |
| All CG | 1,10,000 | 1,80,000 | 2,30,000 |

CONTACT:- HARI BHOOMI PRESS
Dhamtari Road, Tikarapara, Raipur Ph.: 0771-4242242, Mob.: 09098138778 E-mail- response.haribhoomi@gmail.com
Ring Road-2, Gourav Path Marg, Bilaspur. Mob.: 9826782100 E-mail- hbclassified375@gmail.com

## सूचना

पाठकों से अनुरोध है कि वे समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संबंध में किसी भी प्रकार का कदम उठाने (पैसे भेजने, कोई भी खर्च उठाने, चिकित्सकीय सलाह, विवाह संबंधित) या किसी भी वादे-दावे पर अमल करने से पहले अच्छी तरह से जांच पड़ताल कर लें। पाठक पूर्ण जानकारी लेवें व स्वविवेक से निर्णय लेकर ही लेन देन करें। किसी भी उत्पाद या सेवाओं के संबंध में किए किसी भी विज्ञापनदाता के किसी प्रकार के दावों की हरिभूमि (प्रेस प्रबंधक व कर्मचारी) की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। प्रकाशक, संपादक, कर्मचारी और हरिभूमि के स्वामी किसी विज्ञापन के संबंध में उठाए किसी कदम के नतीजे और विज्ञापन दाताओं के अपने वायदों पर खरा न उतरने के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

07-APR-K&C-MAIN- Pg- 11 KHEL_Layout 1 4/8/2025 12:25 AM Page 1






# सिराज का छलका दर्द, कहा- भारतीय टीम से ड्रॉप होने के बाद आईपीएल की कर रहा था तैयारी

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

आईपीएल 2025 में मोहम्मद सिराज एक अलग ही लय में नज़र आ रहे हैं। दो लगातार मुक़ाबलों में प्लेयर ऑफ़ द मैच चुने जाने से उनकी बेहतरीन लय और आत्मविश्वास साफ़ झलकता है। लेकिन इस सफलता के पीछे एक कठिन दौर की कहानी छिपी है, जिसे सिराज ने सनराइजर्स हैदराबाद और गुजरात टाइटंस के बीच खेले गए मुक़ाबले के बाद साझा किया। पिछले कुछ महीनों में सिराज भारत के लिए सीमित ओवरों के दोनों फ़ॉर्मेट में लगातार अच्छा प्रदर्शन कर रहे थे, लेकिन इसके बावजूद उन्हें चैंपियंस ट्रॉफ़ी की टीम में जगह नहीं मिली।

### चयनकर्ताओं ने किया नज़रअंदाज

जसप्रीत बुमराह की गैरमौजूदगी में भी चयनकर्ताओं ने उन्हें नज़रअंदाज किया। टीम को एक बाएं हाथ का तेज़ गेंदबाज़ चाहिए था, जो लंबा हो, पिच से उछाल निकाल सके और मददगार परिस्थितियों में असरदार हो। इसके अलावा, अतिरिक्त स्पिनर की अहमियत को देखते हुए सिराज को टीम से बाहर रखा गया। आईपीएल 2025 की नीलामी में भी सिराज को बड़ा झटका लगा था। रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु ने उन्हें रिटेन नहीं किया।

### दो लगातार मुक़ाबलों में बने प्लेयर ऑफ़ द मैच



### ड्रॉप होना स्वीकार नहीं हो रहा था

लगातार दो मैचों में प्लेयर ऑफ़ द मैच बनने के बाद सिराज का दर्द छलक पड़ा। उन्होंने कहा, सच कहूं तो शुरुआत में मैं इस तथ्य (चैंपियंस ट्रॉफ़ी से ड्रॉप होना) को स्वीकार नहीं कर पा रहा था। एक समय ऐसा आया जब मुझे खुद से कहना पड़ा कि अभी मुझमें काफ़ी क्रिकेट बाक़ी है। बहुत से बड़े सपने हैं जो मैंने देखे हैं और उन्हें पूरा करना है। चैंपियंस ट्रॉफ़ी मेरे नसीब में नहीं थी, लेकिन उसके बारे में सोच कर मैं क्या कर सकता हूं। मैंने फ़िटनेस पर काम किया। लगातार खेलते हुए यह समझ नहीं आ रहा था कि कहां ग़लती कर रहा हूं। ब्रेक मिला तो उस पर काम किया और अब मैं अपनी गेंदबाजी का भरपूर आनंद ले रहा हूं। शारीरिक रूप से भी तरोताज़ा हूं और ज़्यादा सोच-विचार नहीं कर रहा, बस वर्तमान में जीने की कोशिश कर रहा हूं।

### आईपीएल का किया इंतज़ार

भारतीय टीम से बाहर होने के बाद का दौर उनके लिए आसान नहीं था। सिराज ने बताया, भारतीय टीम के लिए लगातार खेलते हुए जब मैं ड्रॉप हुआ, तो बहुत सी बातें दिमाग़ में चल रही थीं। लेकिन मैंने खुद को संभाला और आईपीएल का इंतज़ार करता रहा। आईपीएल 2025 में सिराज अब तक चार पारियों में 13.77 की औसत से नौ विकेट ले चुके हैं और वह संयुक्त रूप से टूर्नामेंट के तीसरे सबसे सफल गेंदबाज़ हैं।

### मिला मेहनत का फल

सिराज इस बात से भी काफ़ी संतुष्ट दिखे कि वह अपने घरेलू मैदान पर अच्छा प्रदर्शन कर पाए। उन्होंने कहा, अपने घरेलू मैदान पर खेलना हमेशा ख़ास होता है। आज मेरा परिवार भी मैच देखने आया था, जिससे आत्मविश्वास और बढ़ गया। जब आप मेहनत करते हैं और उसका फल मिलता है, तो उससे बड़ी ख़ुशी कोई और नहीं हो सकती।

अलग खबर

## इशांत पर 25 प्रतिशत जुर्माना



**हैदराबाद।** गुजरात टाइटंस के तेज गेंदबाज इशांत शर्मा पर रविवार रात सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ मैच के दौरान आईपीएल आचार संहिता का उल्लंघन करने के लिए मैच फीस का 25 प्रतिशत जुर्माना लगाया गया है और साथ ही एक डिमेरिट अंक उनके खाते में जोड़ा गया। इंडियन प्रीमियर लीग ने एक बयान में कहा, 'इशांत शर्मा ने नियम 2.2 के तहत लेवल एक के अपराध को स्वीकार किया और मैच रेफरी की सजा को स्वीकार किया।'आईपीएल की आचार संहिता का नियम 2.2 'मैच के दौरान क्रिकेट उपकरण या कपड़े, मैदान उपकरण या साजो-सामान के दुरुपयोग' से संबंधित है।

## कार दुर्घटना से उबरने में नेहरा ने की काफी मदद

**कोलकाता।** आक्रामक विकेटकीपर बल्लेबाज ऋषभ पंत ने भयावह कार दुर्घटना से बचने के बाद आशीष नेहरा के मार्गदर्शन और प्रभाव को स्वीकार करते हुए सोमवार को कहा कि पूर्व भारतीय तेज गेंदबाज की 'खुश रहने' की सलाह ने मुश्किल दौर में उनकी काफी मदद की। पंत 30 दिसंबर, 2022 की रात को दिल्ली-देहरादून मार्ग पर दुर्घटना का शिकार हुए थे। उनकी कार में आग लग गई थी। इस दुर्घटना में वह गंभीर रूप से चोटिल हो गए थे।



इससे उबरने के लिए उन्हें कई सर्जरी की जरूरत पड़ी थी। पंत ने यहां सीआईआई पूर्वी क्षेत्र के 'इंटरैक्टिव सत्र' - 'इंडिया@100: लीडरशिप इनसाइट फ्रॉम द स्पोर्ट्स इकोनॉमी' के दौरान कहा, 'मुझे आशीष नेहरा की एक सलाह से काफी फायदा हुआ था। वह मेरे क्लब के सीनियर भी हैं। वह मेरे पास आये, मुझे देखा और उन्होंने मुझसे कहा कि मुझे बहुत चोटें लगी हैं। मैं बस एक चीज कर सकता हूं और वह है खुद को खुश रखना।

### आईपीएल पाइंट टेबल

| टीम | मैच | जीते | हारे | अंक |
|---|---|---|---|---|
| बेंगलोर | 4 | 3 | 1 | 6 |
| पंजाब | 2 | 2 | 0 | 4 |
| दिल्ली | 2 | 2 | 0 | 4 |
| गुजरात | 3 | 2 | 1 | 4 |
| कोलकाता | 4 | 2 | 2 | 4 |
| मुंबई | 4 | 1 | 3 | 2 |
| लखनऊ | 3 | 1 | 2 | 2 |
| चेन्नई | 3 | 1 | 2 | 2 |
| राजस्थान | 3 | 1 | 2 | 2 |
| हैदराबाद | 4 | 1 | 3 | 2 |

ऑरेंज कैप



निकोलस पूरन
189 रन
लखनऊ

पर्पल कैप



नूर अहमद
09 विकेट
चेन्नई

### खबर संक्षेप

#### कलिंगा सुपर कप 2025 का कार्यक्रम घोषित



**नई दिल्ली।** कलिंगा सुपर कप 2025 का आगाज 20 अप्रैल को डबल हेडर से होगा, जिसमें शुरुआती दिन केरला ब्लास्टर्स एफसी का मुकाबला ईस्ट बंगाल एफसी, जबकि मोहन बागान एसजी का मुकाबला आई-लीग क्लब से होगा। टूर्नामेंट का कार्यक्रम सोमवार को घोषित किया गया। 20 अप्रैल से तीन मई तक भुवनेश्वर में खेले जाने वाले इस टूर्नामेंट में 16 क्लब भाग लेंगे। सभी मैच नॉकआउट प्रारूप में कलिंगा स्टेडियम में होंगे। आईएसएल टीमों को 2024-25 सत्र में उनकी अंतिम लीग स्थिति के अनुसार राउंड ऑफ 16 के लिए वरीयता दी गई थी।

#### अपना पद नहीं छोड़ेंगे पीसीबी प्रमुख नकवी

**कराची।** पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड ने सोमवार को उन खबरों का खंडन किया जिनमें कहा गया था कि बोर्ड के प्रमुख मोहसिन नकवी एशियाई क्रिकेट परिषद के अध्यक्ष के रूप में नियुक्ति के बाद पीसीबी में अपनी भूमिका से हट रहे हैं।



पीसीबी ने इन रिपोर्टों को निराधार बताया।पाकिस्तान क्रिकेट हलकों में पिछले हफ्ते से अटकलें लगाई जा रही हैं कि नकवी ने अपना इस्तीफा प्रधानमंत्री शाहबाज शरीफ को भेज दिया है, जो बोर्ड के संरक्षक भी हैं। रिपोर्टों में कहा गया है कि नकवी ने न्यूजीलैंड में पाकिस्तान के खराब प्रदर्शन के बाद पद छोड़ने का फैसला किया।

#### कप्तान से बड़ी पारी की उम्मीद : शाहबाज

**कोलकाता।** ऋषभ पंत भले ही आईपीएल 2025 में बल्ले से कुछ खास प्रदर्शन न कर पाए हों, लेकिन लखनऊ सुपर जायंट्स के स्पिन गेंदबाजी ऑलराउंडर शाहबाज अहमद को भरोसा है कि कप्तान अच्छा प्रदर्शन करेंगे। उन्होंने चार पारियों में शून्य, 15, दो, दो रन ही बनाए हैं। पंत की लय को टीम ज्यादा चिंतित नहीं है। शाहबाज ने कहा, ''उनकी सोच में कोई बदलाव नहीं आया है। हमेशा की तरह, वे शांत और संयमित हैं। वे अपनी बल्लेबाजी पर बहुत मेहनत कर रहे हैं। हमें विश्वास है कि जब मुश्किल समय आएगा, तो ऋषभ पंत रन बनाएंगे और हमारे लिए मैच जीतेंगे।'

## आईपीएल : मुंबई का 6 मैचों से चला आ रहा अजेय अभियान थमा

# वानखेड़े में 10 साल बाद जीता बेंगलुरु हारी मुंबई, कोहली के 13 हजार रन पूरे

एजेंसी ▶▶ मुंबई


रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु ने मुंबई इंडियंस के खिलाफ सोमवार को यहां इंडियन प्रीमियर लीग के रोमांचक मैच में 12 रन से जीत दर्ज करते हुए वानखेड़े स्टेडियम में छह मैचों से चले आ रहे अपने हार के सिलसिले को खत्म किया। आरसीबी ने विराट कोहली (67) और कप्तान रजत पाटीदार (64) के तूफानी अर्धशतकों की बदौलत पांच विकेट पर 221 रन बनाने के बाद मुंबई इंडियंस को नौ विकेट पर 209 रन पर रोककर इस टीम के खिलाफ 2015 के बाद पहली बार जीत दर्ज की।

मुंबई इंडियंस सूर्यकुमार यादव (28) के आउट होने के बाद 116 रन पर चार विकेट खोकर संघर्ष कर रही थी लेकिन कप्तान हार्दिक पांड्या ने तिलक वर्मा के साथ आरसीबी के गेंदबाजों को परेशान किया। हार्दिक ने 15 गेंद की पारी में तीन चौके और चार छक्के की मदद से 42 रन बनाए। तिलक वर्मा ने 56 रन बनाए। आरसीबी के लिए क्रुणाल पंड्या ने चार जबकि यश दयाल, जोश हेजलवुड ने दो-दो विकेट लिए।



### कोहली ने रचा इतिहास

विराट कोहली रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु और मुंबई इंडियंस के बीच इंडियन प्रीमियर लीग मुकाबले के दौरान टी20 क्रिकेट में 13,000 रन पूरे करने वाले पहले भारतीय बन गए। कोहली ने इस आईपीएल सत्र में अपना दूसरा अर्धशतक जड़ा और इस तरह खेल के सबसे छोटे प्रारूप में 13,000 रन बनाने वाले दुनिया के पांचवें बल्लेबाज बन गए। दाएं हाथ के इस महान बल्लेबाज ने अपने करियर में 400 से अधिक मैचों में यह उपलब्धि हासिल की। क्रिस गेल 463 मैचों में 14,562 रनों के साथ टी20 क्रिकेट में सर्वाधिक रन बनाने वालों की सूची में सबसे आगे हैं।



### चेन्नई को मिलेगी पंजाब से कड़ी चुनौती धोनी टीम संतुलन को कर रहे प्रभावित



**मुल्लांपुर।** चेन्नई सुपरकिंग्स को इंडियन प्रीमियर लीग में मंगलवार को यहां पंजाब किंग्स के खिलाफ होने वाले मैच से पूर्व जिस सबसे बड़ी समस्या का हल खोजना होगा वह महेंद्र सिंह धोनी की डेथ ओवरों में बड़े शॉट खेलने में नाकामी है। सुपरकिंग्स ने आईपीएल सत्र की अपनी सबसे खराब शुरुआत में से एक करते हुए लगातार तीन मैच गंवाए हैं और वह भी लक्ष्य का पीछा करते हुए। पंजाब किंग्स को अपने पिछले मैच में राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ घरेलू मैदान पर हार का सामना करना पड़ा था लेकिन मौजूदा फॉर्म के साथ कागजों पर श्रेयस अय्यर की टीम सुपरकिंग्स की तुलना में अधिक मजबूत दिख रही है। सुपरकिंग्स की टीम संयोजन की समस्या से जूझ रही है। अंतिम ओवरों में धोनी की मौजूदगी को एक समय वरदान माना जाता था लेकिन अब यह 'येलो ब्रिगेड' के लिए अभिशाप बन रही है।

### ब्रूक इंग्लैंड वनडे और टी20 टीम के कप्तान



**लंदन।** जोस बटलर के पिछले महीने आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी में इंग्लैंड के लचर प्रदर्शन को देखते हुए कप्तानी छोड़ने के बाद हैरी ब्रूक को सोमवार को देश की सीमित ओवरों की टीम का कप्तान नियुक्त किया गया। ब्रूक को पिछले साल की आईपीएल नीलामी के दौरान दिल्ली कैपिटल्स ने अनुबंधित किया था लेकिन इंग्लैंड के अपने करियर पर ध्यान केंद्रित करने के लिए वह आईपीएल 2025 से हट गए थे और बाद में उन पर लीग में खेलने से दो साल का प्रतिबंध लगा दिया गया। 26 वर्षीय ब्रूक जनवरी 2022 में पदार्पण के बाद से इंग्लैंड की सीमित ओवरों की टीम का अहम हिस्सा रहे हैं।

फुटबॉल

## मेसी के गोल से इंटर मियामी ने टोरंटो को बराबरी पर रोका



एजेंसी ▶▶ फोर्ट लॉडरडेल

स्टार खिलाड़ी लियोनल मेसी ने मेजर लीग सॉकर के चार मैच में तीसरी बार गोल किया जिससे इंटर मियामी ने रविवार को यहां टोरंटो एफसी को 1-1 से ड्रॉ पर रोका।

इंटर मियामी से जुड़ने के बाद मेसी का यह सभी प्रतियोगिताओं में 40वां गोल है जो फ्रेंचाइजी की ओर से रिकॉर्ड है। मेसी ने पहले हाफ के इंजरी टाइम में गोल दागा। मेसी के गोल से तीन मिनट पहले फेडेरिको बर्नारडेची ने टोरंटो की टीम को बढ़त दिलाई थी।

इंटर मियामी की टीम छह मैच में 14 अंक के साथ दूसरे स्थान पर है जबकि कोलंबस की टीम ने 15 अंक के साथ शीर्ष पर एक अंक की बढ़त बना रखी है। कोलंबस ने हालांकि इंटर मियामी से एक मैच अधिक खेला है।

## लिवरपूल हारा, साउथम्पटन का निचली लीग में खिसकना तय

**मैनचेस्टर।** खिताब की दौड़ में सबसे आगे चल रहे लिवरपूल को रविवार को यहां इंग्लिश प्रीमियर लीग फुटबॉल में फुलहम के खिलाफ 2-3 से शिकस्त का सामना करना पड़ा। दूसरी तरफ साउथम्पटन की टीम टोटेनहैमन के खिलाफ 1-3 की हार के साथ इंग्लैंड की शीर्ष लीग से रेलीगेट होने वाली पहली टीम बनी। अन्य मुकाबलों में मैनचेस्टर यूनाईटेड और मैनचेस्टर सिटी का मैच ओल्ड ट्रैफर्ड में गोल रहित ड्रॉ रहा जबकि चेल्सी और ब्रेंटफोर्ड ने भी गोल रहित ड्रॉ खेला। लिवरपूल की हार का मतलब है कि टीम ने दूसरे स्थान पर मौजूद आर्सेनल पर 14 अंक की बढ़त बनाने और रिकॉर्ड की बराबरी करने वाले 20वें ईपीएल खिताब के करीब पहुंचने का मौका गंवा दिया। लिवरपूल की टीम 31 मैच में 73 अंक के साथ शीर्ष पर है। दूसरे स्थान पर मौजूद आर्सेनल के इतने ही मैच में 62 अंक हैं। साउथम्पटन की टीम 31 मैच में सिर्फ 10 अंक के साथ 20 टीम की तालिका में अंतिम स्थान पर है।



### खेल के तीनों विभागों में बड़े सुधार की जरूरत

**हैदराबाद।** सनराइजर्स हैदराबाद के मुख्य कोच डेनियल विटोरी ने स्वीकार किया कि आईपीएल में उनकी लगातार चौथी हार खेल के तीनों विभागों में खराब प्रदर्शन के कारण हुई और अगर उन्हें हार से उबरना है तो इसमें सुधार करना होगा। पिछले साल बेहद आक्रामक खेल दिखाकर फाइनल में जगह बनाने वाली सनराइजर्स की टीम मौजूदा सत्र में आक्रामक फॉर्म बरकरार नहीं रख पाई है। टीम के शीर्ष तीन खिलाड़ियों ट्रेविस हेड, अभिषेक शर्मा और इशान किशन के प्रदर्शन में निरंतरता की कमी है।



## लॉरेस विश्व खेल पुरस्कारों में मुख्य आकर्षण होंगे जोकोविच

एजेंसी ▶▶ मैड्रिड

। महान टेनिस खिलाड़ी नोवाक जोकोविच स्पेन की राजधानी में होने वाले लॉरेस विश्व खेल पुरस्कारों में आकर्षण का केंद्र होंगे। खिलाड़ियों को दिए जाने वाले पुरस्कारों की यह 25वीं वर्षगांठ है। यह लगातार दूसरा साल है जब पुरस्कार समारोह का आयोजन मैड्रिड में हो रहा है। ये पुरस्कार 21 अप्रैल को प्रतिष्ठित पैलेसियो डी सिबेल्स में दिए जाएंगे।



चौबीस बार के ग्रैंड स्लैम चैंपियन और पांच बार के लॉरेस के साल के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी जोकोविच ने कहा, 'लॉरेस विश्व खेल पुरस्कार की 25वीं वर्षगांठ मनाने के लिए फिर से मैड्रिड आना रोमांचक है। मैंने पिछले साल मैड्रिड में अपना पांचवां लॉरेस खिताब जीतने की यादें संजोई हैं और सौभाग्यशाली हूं कि फिर इस समारोह के शामिल होने का मौका मिला है।' महान क्रिकेटर स्टीव वॉ, छह बार के ग्रैंडस्लैम चैंपियन और जोकोविच के पूर्व कोच बोरिस बेकर, दिग्गज फुटबॉल काफू, लुई फिगो के अलावा महान जिम्नास्ट नादिया कोमानेची भी समारोह के दौरान मौजूद रहेंगे।

### अयूब और फखर जमां वापसी के लिए तैयार

**कराची।** पाकिस्तान के सलामी बल्लेबाज सईम अयूब और फखर जमां चोटों से उबरने के बाद पाकिस्तान सुपर लीग में वापसी करने के लिए तैयार हैं।



चोटिल होने के कारण ये दोनों खिलाड़ी चैंपियंस ट्रॉफी और न्यूजीलैंड के खिलाफ सीमित ओवरों की श्रृंखला में नहीं खेल पाए थे। पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड के एक सूत्र ने पुष्टि की कि इन दोनों बल्लेबाजों को बोर्ड के मेडिकल पैनल ने 11 अप्रैल से शुरू होने वाले पीएसएल से प्रतिस्पर्धी क्रिकेट में लौटने के लिए मंजूरी दे दी है। सईम ने जनवरी की शुरुआत से ही कोई मैच नहीं खेला है।

### फ्रांसिसको और अलेजांद्रो को 6-3, 7-5 से हराया

# बोपन्ना की बड़ी उपलब्धि, 45 की उम्र में जीता एटीपी मास्टर्स मैच

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारत के अनुभवी टेनिस खिलाड़ी रोहन बोपन्ना ने बड़ी उपलब्धि हासिल कर ली है। वह एटीपी मास्टर्स 1000 टूर्नामेंट में मैच जीतने वाले सबसे उम्रदराज खिलाड़ी बन गए हैं।

45 साल के बोपन्ना ने मोंटे कार्लो मास्टर्स 2025 के दौरान यह उपलब्धि अपने नाम दर्ज की। बोपन्ना ने अमेरिका के अपने पार्टनर बेन शेल्टन के साथ फ्रांसिसको केंरुंडोलो और अलेजांद्रो ताबिलो को 6-3, 7-5 से हराया। बोपन्ना से पहले यह रिकॉर्ड कनाडा के डेनियल नेस्टोर के नाम था जिन्होंने 2017 में 44 साल आठ महीने की उम्र में मैच जीता था। नेस्टोर और फ्रांस के फैबरिस मार्टिन ने बोपन्ना और पाब्लो कुएवास को राउंड ऑफ 32 में 6-3, 6-2 से हराया था। बोपन्ना का मोंटे कार्लो टूर्नामेंट में सामना अब इटली की जोड़ी सिमोन बोलेली और आंद्रिया वावासोरी से होगा।



### खराब फॉर्म में गुजर रहे हैं बोपन्ना

शेल्टन और बोपन्ना की एटीपी रैंकिंग में विश्व की 14वें नंबर की जोड़ी ने फ्रांसिसको और ताबिलो की जोड़ी को महज 71 मिनट में हराया। बोपन्ना पिछले कुछ समय से अच्छा प्रदर्शन नहीं कर पा रहे हैं। कतर ओपन के क्वार्टर फाइनल में पुर्तगाल के नुनो बोर्ग्स के साथ खेलने के बाद बोपन्ना दुबई टेनिस चैंपियनशिप, इंडियन वेल्स मास्टर्स और मियामी ओपन के दूसरे दौर में पहुंचने में असफल रहे थे।

07-APR-K&C-MAIN- Pg- 12 VIVIDH_Layout 1 4/8/2025 12:33 AM Page 1



# 7 मरीजों को मारने वाला डाक्टर प्रयागराज से गिरफ्तार, बिलासपुर अपोलो में भी ली थी मरीजों की जान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बिलासपुर/दमोह

दमोह के स्थित मिशन अस्पताल में फर्जी डॉक्टर केस में पुलिस को बड़ी कामयाबी मिली है। 7 मरीजों को मारने वाला यह डॉक्टर एन जॉन केम (वास्तविक नाम नरेंद्र विक्रमादित्य यादव) सोमवार को प्रयागराज से दबोच लिया गया है। दमोह एसपी श्रुति कीर्तिसोमवंशी ने गिरफ्तारी की पुष्टि की।

इस फर्जी डाक्टर ने 8 लोगों की दिल की सर्जरी कर डाली थी जबकि, उसके पास डॉक्टरी की कोई डिग्री नहीं है। इनमें से 7 की सर्जरी के बाद मौत हो गई थी। यह भी ध्यान रहे कि इसी डाक्टर ने अपोलो अस्पताल बिलासपुर में भी 7–8 मरीजों की जान ली थी। उनमें छत्तीसगढ़ विधानसभा के पूर्व अध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद शुक्ल भी शामिल थे। डॉक्टर नरेंद्र वहां भी इसी तरह फरार हो गया था, जैसे अब दमोह से हुआ है।ज्ञात हो कि इसी डाक्टर पर आरोप है कि छग के पूर्व विधानसभा अध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद शुक्ल की मौत भी लापरवाही से हुई थी। श्री शुक्ल करीब 32 साल तक विधायक रहे। विधानसभा



छत्तीसगढ़ विधानसभा के पूर्व अध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद शुक्ल का भी किया था आपरेशन

अध्यक्ष भी बने। 20 अगस्त 2006 को उनकी तबीयत बिगड़ने पर उन्हें अपोलो अस्पताल में भर्ती कराया गया था। ऑपरेशन के दौरान उनकी मौत हो गई। यह ऑपरेशन भी नरेंद्र ने किया था। श्री शुक्ल के बेटे, प्रोफेसर प्रदीप शुक्ल ने बताया कि नरेंद्र दो से तीन महीने के लिए अपोलो आया था। इस दौरान 8 से 10 मरीजों की मौत हुई थी। जब विवाद बढ़ा तो इंडियन मे डि क ल ए सो सि ए श न (आईएमए) के तत्कालीन अध्यक्ष और कार्डियोलॉजिस्ट डॉ. वाय.एस. दुबे ने इसकी जांच करवाई। जांच में पाया गया कि नरेंद्र के दस्तावेज फर्जी थे। उसके पास केवल एमबीबीएस की डिग्री थी, वह कार्डियोलॉजिस्ट नहीं था। नरेंद्र का असली नाम नरेंद्र विक्रमादित्य यादव है। वह देहरादून का रहने वाला है। दस्तावेजों में नाम नरेंद्र जॉन केम लिखा है। उसके पास 2006 में एमबीबीएस की डिग्री है, जो आंध्र प्रदेश मेडिकल कॉलेज की बताई गई है। उसका रजिस्ट्रेशन नंबर 153427 दर्ज है पर इसके बाद जो 3 एमडी और कार्डियोलॉजिस्ट की डिग्रियां दी गई हैं, उनमें किसी का रजिस्ट्रेशन नंबर नहीं है।

### बख्शा नहीं जाएगा



**भोपाल।** दमोह मामले में सीएम डॉ. मोहन यादव ने सख्त लहजे में कहा है कि आरोपियों को बख्शा नहीं जाएगा। सीएम मोहन यादव ने कहा कि घटना हमारी जानकारी में है। हमारी सरकार उस पर कठोर कार्रवाई कर रही है। हम ऐसे मामलों में त्वरित एक्शन लेते हैं। हमारी सरकार की अपनी साख है। सीएम डॉ. मोहन यादव ने कहा कि हमने अधिकारियों को ऐसे अन्य मामलों में भी जांच के निर्देश दिए हैं।

### स्टेट एमसीआई में रजिस्ट्रेशन नहीं

यह भी जानकारी निकलकर सामने आ रही है कि दमोह के मिशन अस्पताल प्रबंधन को पता था कि उसका स्टेट एमसीआई में कोई रजिस्ट्रेशन नहीं है। फिर भी नौकरी पर रखा गया। उसने यहां मात्र 43 दिन काम किया। डॉक्टर ने किसका क्या इलाज किया, इसका पता मरीज के परिजनों को भी नहीं लगा और न ही उन्हें मरीज की फाइल दी गई, बल्कि उनसे एक लंबी रकम जमा करवाई गई। इस पूरे घटनाक्रम को करीबदो माह बीत गए हैं। जब एक मृतक के परिजन ने इसकी जानकारी बाल कल्याण आयोग के अध्यक्ष दीपक तिवारी को दी। इसके बाद तिवारी ने दमोह कलेक्टर को एक आवेदन देकर इस पूरे मामले की जांच करने की मांग की। डेढ़ महीने में जब कुछ नहीं हुआ तो तिवारी ने मानव अधिकार आयोग के राष्ट्रीय सदस्य प्रियंक कानूनगो को इसकी जानकारी दी, तब कानूनगो ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर मामले को उजागर किया साथ ही कलेक्टर दमोह को तुरंत जांच करने की निर्देश दिए।

## खबर संक्षेप


### करंट लगने से श्रमिक की मौत

**अमेठी।** अमेठी के कमरौली थाना क्षेत्र में एक निजी कंपनी में काम करने वाले श्रमिक की करंट लगने से मौत हो गई। यह घटना रविवार रात की है जब चिलौली गांव का निवासी रमन तिवारी ड्यूटी के दौरान बिजली के तार के संपर्क में आ गया। कमरौली थाना प्रभारी अभिनेश कुमार ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है और आवश्यक कानूनी कार्यवाही की जा रही है। तिवारी



### चंद्रा नदी में एक पर्यटक डूबा, दूसरा लापता

**शिमला।** हिमाचल प्रदेश के लाहौल एवं स्पीति जिले की चंद्रा नदी में झारखंड के एक पर्यटक की डूबकर मौत हो गई, जबकि पानी में बहा उसका दोस्त लापता हो गया, जिसकी तलाश जारी है। सिस्सू के पास नदी में एक व्यक्ति के बहने की सूचना मिलने के बाद केलांग के पुलिस उपाधीक्षक राज कुमार के नेतृत्व में एक बचाव दल त वरित प्रतिक्रिया दल के साथ मौके पर पहुंचा।



### फैक्टरी में आग, मालिक समेत दो की मौत

**हरिद्वार।** उत्तराखंड में हरिद्वार जिले के बहादराबाद में एक रसायन फैक्टरी में भीषण आग लगने से फैक्टरी मालिक समेत दो व्यक्तियों की मौत हो गयी जबकि एक अन्य झुलस गया।पुलिस ने यह जानकारी दी। इब्राहिमपुर गांव में स्थित गणपति रसायन फैक्टरी में रविवार रात लगभग नौ बजे आग लग गयी जिसपर करीब 12 घंटे बाद सोमवार को बमुश्किल काबू पाया जा सका। आग इतनी भयावह थी कि कई किलोमीटर दूर से धुएं का गुबार आसमान में उठता दिखाई दिया।



### बजरंग दल नेता की हत्या आंगन में मिली लाश

**बिजनौर।** उत्तर प्रदेश के बिजनौर के किरतपुर क्षेत्र के गांव गोविंदपुर में सोमवार सुबह उस वक्त सनसनी फैल गई जब बजरंग दल के जिला संयोजक सत्येंद्र उर्फ मोंटी बजरंगी की लाश घर के आंगन में खून से लथपथ हालत में मिली। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा और मामले की जांच शुरू की।



### मंत्री व उनके सांसद बेटे के ठिकानों पर छापेमारी

**नई दिल्ली।** प्रवर्तन निदेशालय ने तमिलनाडु के नगर पालिका प्रशासन, शहरी और जल आपूर्ति मंत्री केएन नेहरू और उनके बेटे, लोकसभा सांसद अरुण नेहरू से जुड़े कई ठिकानों पर छापेमारी की। सूत्रों के अनुसार, यह छापेमारी 22 करोड़ की बैंक धोखाधड़ी के मामले में की गई। दरअसल, इंडियन ओवरसीज बैंक ने शिकायत दर्ज किया गया था। यह मामला ट्रीयूडम ईपीसी लिमिटेड नामक कंपनी से जुड़ा है।




## जस्टिस अरविंद वर्मा के साथ पीआईएल और अन्य महत्वपूर्ण मामलों की सुनवाई की

# मां की बीमारी के बाद भी लखनऊ से वर्चुअल सुनवाई की चीफ जस्टिस ने

**बिलासपुर।** छत्तीसगढ़ बिलासपुर हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस रमेश सिन्हा ने मां की बीमारी के बाद भी मामलों की सुनवाई की। वे लखनऊ से वर्चुअल जुड़े। डिवीजन बेंच में जस्टिस अरविंद वर्मा के साथ पीआईएल और अन्य महत्वपूर्ण मामलों की सुनवाई की। लंच के बाद उनका सिंगल बेंच था। सिंगल बेंच में भी वे वर्चुअल जुड़े और मामलों की सुनवाई की।

छत्तीसगढ़ बिलासपुर हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस रमेश सिन्हा की माताजी की तबियत बीते कुछ दिनों से ठीक नहीं है। इलाज के लिए लखनऊ लेकर गए हैं। मां की बीमारी और पारिवारिक जिम्मेदारियों के बाद भी उन्होंने अपनी ड्यूटी पूरी शिद्दत के साथ निभाई। मामलों और मुकदमों की बढ़ती संख्या और याचिकाकर्ताओं की परेशानी को देखते हुए सोमवार को डिवीजन बेंच और सिंगल बेंच में लगे मामलों की सुनवाई करने का निर्णय लिया। लिहाजा लखनऊ से सीधे वर्चुअल जुड़कर सुनवाई प्रारंभ की। दरअसल चीफ जस्टिस ने रजिस्ट्रार जनरल का निर्देशित किया था कि उनके डिवीजन बेंच और सिंगल बेंच के मामलों की लिस्टिंग करें। वे लखनऊ से वर्चुअल जुड़कर सुनवाई करेंगे। लिहाजा बिलासपुर हाईकोर्ट में सोमवार को पहली डिवीजन बेंच अपने नियत समय पर लगी और सुनवाई प्रारंभ हुई। हाईकोर्ट के डिवीजन बेंच एक में जस्टिस अरविंद वर्मा और याचिकाकर्ता व प्रमुख पक्षकारों के वकील थे। चीफ जस्टिस ठीक समय पर वर्चुअल जुड़े। उनके जुड़ते ही



सुनवाई प्रारंभ हुई। जस्टिस वर्मा मामलों के बारे में बता रहे थे और उनसे सीधे चर्चा कर रहे थे। लंच के बाद चीफ जस्टिस ने सिंगल बेंच में सुनवाई प्रारंभ की।

### बिलासपुर हाईकोर्ट में पहली बार हुआ

ध्यान रहे कि कोरोना संक्रमण काल के दौर में वर्चुअल सुनवाई का दौर प्रारंभ हुआ था। उस दौर में जज हाईकोर्ट में बैठकर सुनवाई करते थे। याचिकाकर्ता और प्रमुख पक्षकारों के अधिवक्ताओं को वर्चुअल जुड़ने की छूट थी। वे वर्चुअल जुड़कर अपने मामलों की पैरवी किया करते थे। यह पहली बार हुआ जब हाईकोर्ट जज ने वर्चुअल जुड़कर मामलों की सुनवाई की। चीफ जस्टिस ने डिवीजन बेंच और सिंगल बेंच में वर्चुअल सुनवाई की।

## एससी-एसटी अधिनिम तभी लागू रह सकता है जब आरोपी को पता हो कि पीड़ित उसी समुदाय से है

एक महत्वपूर्ण फैसले में हाईकोर्ट ने कहा है कि अनुसूचित जाति- जनजाति (अत्याचार निवारण) अधिनियम के तहत अपराध तभी कायम रह सकता है, जब यह सिद्ध हो कि आरोपी ने यह जानते हुए अपराध किया कि पीड़ित एससी या एसटी समुदाय से है। चीफ जस्टिस रमेश सिन्हा, जस्टिस रवींद्र कुमार अग्रवाल की डिवीजन बेंच ने एक आपराधिक अपील को आंशिक रूप से स्वीकार करते हुए यह फैसला सुनाया। गौरेला-पेंड्रा-मरवाही जिले के कुम्हारी गांव के निवासी प्रमोद उर्फ नान्हू तिवारी ने हाईकोर्ट में अपील दायर की थी। उन्होंने यौन अपराधों से बच्चों का संरक्षण (पॉक्सो) अधिनियम और एससी-एसटी (अत्याचार निवारण) अधिनियम सहित कई अपराधों के तहत विशेष न्यायाधीश द्वारा दी गई सजा को चुनौती दी थी। मामला 7 फरवरी, 2018 का है, जब छह साल की आदिवासी बच्ची को उसके घर से अगवा कर लिया गया था। बच्ची आंगन में खेल रही थी। बच्ची के पिता के मुताबिक आरोपी ने बच्ची को बिस्किट का लालच दिया और उसे पास के जंगल की पहाड़ी (डोंगरी) में ले गया, जहाँ उसने उसके साथ दुष्कर्म किया। पिता ने आरोपी को ऐसा करते हुए देखा और तुरंत बच्ची को बचा लिया घटना के बाद मरवाही पुलिस स्टेशन में एफआईआर दर्ज की गई। जांच के बाद प्रमोद तिवारी के खिलाफ आईपीसी की धारा 366 और 376(2), पॉक्सो एक्ट की धारा 6 और एससी-एसटी (अत्याचार निवारण) अधिनियम के तहत आरोप तय किए गए।



- हाईकोर्ट का बड़ा फैसला, आजीवन कारावास की सजा 14 साल के कठोर कारावास में बदली

### विशेष अदालत ने ठहराया था दोषी

विशेष अदालत ने अपीलकर्ता को दोषी करार देते हुए पॉक्सो और अत्याचार अधिनियम के तहत आजीवन कारावास और अपहरण के लिए 10 साल की सजा सुनाई। इस सजा के खिलाफ हाईकोर्ट में अपील की गई। डिवीजन बेंच ने पॉक्सो अधिनियम के तहत सजा को इस आधार पर आजीवन कारावास से 14 साल के कठोर कारावास में बदल दिया कि अपराध 2019 के संशोधन से पहले हुआ था। जिसमें न्यूनतम 20 साल की सजा का प्रावधान था। कोर्ट ने पाया कि अभियोजन पक्ष यह साबित करने में विफल रहा कि आरोपी को पता था कि अपराध के समय पीड़िता एससी-एसटी समुदाय से थी, जो अधिनियम के तहत दोषसिद्धि के लिए अनिवार्य आवश्यकता है।

## हाईकोर्ट ने कहा- कस्टडी सौंपने से पहले बच्चे का समग्र हित देखा जाना जरूरी

छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट ने रायगढ़ फैमिली कोर्ट के एक पूर्व आदेश को निरस्त करते हुए एक नाबालिग बच्चे की अभिरक्षा (कस्टडी) उसकी मां को सौंपने का निर्देश दिया है। न्यायमूर्ति रजनी दुबे और न्यायमूर्ति सचिन सिंह राजपूत की खंडपीठ ने यह निर्णय बच्चे के सर्वोपरि हित को ध्यान में रखते हुए सुनाया। अदालत ने अपने फैसले में स्पष्ट किया है कि किसी भी संरक्षक विवाद में सबसे महत्वपूर्ण पहलू बच्चे का समग्र हित होता है। कोर्ट का मानना है कि मां की देखरेख में बच्चे का विकास अधिक उपयुक्त होगा, और फैमिली कोर्ट द्वारा पिता को दी गई कस्टडी उचित नहीं ठहराई जा सकती। यह मामला रायगढ़ जिले की एक महिला और उसके नाबालिग पुत्र द्वारा दायर याचिका से संबंधित था, जिसमें 11 मई 2022 को पारित फैमिली कोर्ट के आदेश को चुनौती दी गई थी। उस आदेश में बच्चे की अभिरक्षा पिता को सौंपने का निर्णय लिया गया था। हाईकोर्ट ने इससे पहले 4 दिसंबर 2023 को पारित अपने एक आदेश में यह भी रेखांकित किया था कि बच्चे के सर्वांगीण विकास के लिए दोनों माता-पिता की उपस्थिति आवश्यक होती है। इसके साथ ही भारतीय पारिवारिक संरचना में दादा-दादी और परिवार की भूमिका को भी अहम बताया गया था। अंततः, न्यायालय ने मां की याचिका को स्वीकार करते हुए बच्चे की कस्टडी मां को सौंपने का आदेश दिया। साथ ही यह भी कहा कि पिता को समय-समय पर बच्चे से मिलने और फोन पर बातचीत करने की अनुमति होगी।

- फैमिली कोर्ट का आदेश निरस्त, मां के पास रहेगा बच्चा

## कुख्यात एरिया-सब जोनल नक्सली कमांडर राजेंद्र खैरवार गिरफ्तार

हरुभूमि न्यूज ▶▶| अंबिकापुर

बलरामपुर पुलिस ने कुख्यात माओवादी नक्सली राजेन्द्र सिंह खैरवार उर्फ दिलीप जी को पकड़ने में सफलता हासिल की है। पुलिस टीम ने आरोपी को झारखंड से गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार किए गए नक्सली के खिलाफ मारपीट, लूट, हत्या, पुलिस पार्टियों पर गोलीबारी करने, विस्फोट करने जैसे गंभीर आरोप है। आरोपी ने छत्तीसगढ़ के साथ ही झारखंड में नक्सली घटनाओं को अंजाम दिया। आरोपी नक्सली को इसके पहले भी पुलिस ने गिरफ्तार किया था लेकिन उसके बाद वह जेल से छूट गया और फिर से नक्सल गतिविधियों में

- टिफिन बम लगाने के मामले में आरोपी की तलाश



शामिल हो गया। बता दें कि प्रदेशभर में नक्सलियों के खिलाफ अंतिम लड़ाई लड़ी जा रही है और यही वजह है कि नक्सली अब बैकफुट पर आ गए हैं। इस बीच बलरामपुर जिले की पुलिस ने भी एक बड़ी सफलता हासिल की है। एसपी वैभव बैंकर ने बलरामपुर जिले में लंबित अपराधों की समीक्षा के दौरान नक्सल मामलों में भी गंभीरता से जांच के निर्देश दिए थे।

### टिफिन बम से लगाया था घात

पुलिस के अनुसार 18 मार्च 2015 को पुलिस को सूचना मिली थी कि पुलिस व सीआरपीएफ बल के सबाग से चुनचुना पुंदाग के बीच आने जाने वाले रास्ते में जवानों और ग्रामीणों के जाल माल को नुकसान पहुंचाने के उद्देश्य से नक्सलियों ने टिफिन बम दबाकर रखा है। सूचना के आधार पर पुलिस बल, सीआरपीएफ व बीडीएस टीम को मौके पर रवाना किया गया। घटना स्थल चुनचुना आमा कुरगा के पास स्नीफर डॉग से सर्च के दौरान टिफिन बम बरामद किया गया था। इस दौरान बीडीएस की टीम ने टिफिन बम को निष्क्रिय किया गया था। इसी मामले में पुलिस द्वारा आरोपी की तलाश की जा रही थी और पूछताछ में आरोपी ने अपना जुर्म कबूल कर लिया।

## जेल में बंद मुस्कान निकली प्रेग्नेंट

**मेरठ।** सौरभ हत्याकांड में जेल काट रही मुस्कान को लेकर बड़ी खबर सामने आई है। मुस्कान का प्रेग्नेंसी टेस्ट पॉजिटिव आया है। यानी वो एक बच्चे की मां बनने वाली है। गौरतलब है कि मुस्कान अपने पति सौरभ की हत्या के मामले में जेल में बंद है। मुस्कान का प्रेमी साहिल भी यहीं बंद है। बता दें कि ये हत्याकांड बेहद चर्चा में रहा था क्योंकि इसमें सौरभ नाम के शख्स की हत्या करने के बाद उसके शव के टुकड़े नीले ड्रम में भर दिए गए थे और ऊपर से सीमेंट डाल दिया गया था। इस मामले में सौरभ की पत्नी मुस्कान और उसके प्रेमी साहिल को गिरफ्तार किया गया था।

## दंतैल को ट्रेंक्यूलाइज करने मिली शासन की स्वीकृति, पहुंचे विशेष चिकित्सक

- खतरनाक दंतैल मिला लोनर हाथियों के दल में
- अधिकारी कर रहे व्यवहार की निगरानी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अम्बिकापुर

पिछले एक सप्ताह से वन विभाग एवं ग्रामीणों के लिए खतरा बने दंतैल को ट्रेंक्यूलाइज करने की स्वीकृति शासन ने दे दी है। विभाग के प्रस्ताव को स्वीकृति मिलने के साथ ही शनिवार को कानन पेंडारी के विशेषज्ञ चिकित्सक डॉ.पीके चंदन वन परिक्षेत्र प्रतापपुर पहुंच गए हैं। दंतैल द्वारा असामान्य व्यवहार करने पर चिकित्सक कभी भी उसे ट्रेंक्यूलाइज कर सकते हैं।

नौ दिन पूर्व झारखंड के सीमावर्ती जंगल से सरगुजा के जंगल में दस्तक देने वाला नर हाथी बेहद कम उम्र होने के बावजूद अपने परिवार से अलग होने के बाद काफी आक्रामक हो चुका है।



वह दिन-रात तेज रफ्तार से एक जंगल से दूसरे जंगल में भ्रमण कर रहा है तथा एक दिन में 40 किमी लम्बी दूरी तय कर रहा है। उसके असामान्य व्यवहार को देखते हुए वन अमला दिन-रात उसकी निगरानी कर रहा है इसके बावजूद वह लगातार जनहानि कर रहा है। हाथी बलरामपुर एवं सूरजपुर वन मंडल के अलग-अलग क्षेत्रों में तीन ग्रामीणों की जान ले चुका है। शनिवार को मध्यरात्रि उसने वन परिक्षेत्र प्रतापपुर अंतर्गत ग्राम दरहोरा में एक ग्रामीण को कुचलकर मार डाला था। दंतैल के अस्वाभाविक व्यवहार को देखते हुए विभाग ने दंतैल को ट्रेंक्यूलाइज कर रेडियों कॉलर लगाने का प्रस्ताव भेजा था ताकि उसके भ्रमण की जानकारी विभाग को मिल सके।

शासन ने शनिवार को विभाग के प्रस्ताव की स्वीकृति दे दी है। स्वीकृति मिलने के साथ ही शनिवार को कानन पेंडारी के चिकित्सक डॉ.पीके चंदन पूरी तैयारी के साथ पहुंचे तथा हाथी पुनर्वास केंद्र के चिकित्सक डॉ.अजीत पाण्डेय के साथ जंगल का भ्रमण किया।

## नशा मुक्ति केंद्र में दाखिल युवक की मारपीट से मौत, जांच में खुलासा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सूरजपुर

**सूरजपुर।** नशा मुक्ति केंद्र में युवक की संदिग्ध मौत हो जाने के मामले में पुलिस ने जांच उपरांत हत्या का मामला दर्ज किया है। पुलिस घटना में शामिल एक अपचारी समेत 9 आरोपियों को गिरफ्तार किया है।

पुलिस के मुताबिल ग्राम तेजपुर पोड़ी निवासी वर्षा पति विजय कुमार ने कोतवाली पुलिस को सूचना दिया कि 26 मांर्च को अपने पति विजय कुमार को नशा मुक्ति केन्द्र सूरजपुर में भर्ती की थी जो 29 मार्च को अस्पताल से सूचना मिला कि



- हत्या के मामले में पुलिस ने एक नाबालिग सहित 9 को किया गिरफ्तार

विजय कुमार का तबियत खराब है होने तथा पति की मृत्यु होने की सूचना मिली। सूचना पर मर्ग कायम कर शव पंचनामा के बाद पीएम कराया गया। इधर मामले की सूचना पर एसएसपी प्रशांत कुमार ठाकुर ने मामले की बारीकी से सहित सभी पहलुओं पर जांच करने के निर्देश दिए। कोतवाली पुलिस ने मर्ग जांच के दौरान गवाहों के कथन लिए और मृतक के पीएम रिपोर्ट एवं नशा मुक्ति केंद्र में लगे सीसीटीव्ही फुटेज तथा संकलित साक्ष्य से पाया गया कि मृतक विजय कुमार की मृत्यु मारपीट करने के कारण से मौत हो हुई है। जिस पर पुलिस ने धारा 103, 191(2) के तहत मामला दर्ज किया।




## दोनों देशों के बीच रक्षा क्षेत्र में महत्वपूर्ण साझेदारी

# भारत और दक्षिण कोरिया मिलकर बनाएंगे नेक्स्ट जेनरेशन वज्र-टी होवित्जर तोप

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

भारत और दक्षिण कोरिया ने रक्षा क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण साझेदारी को आगे बढ़ाते हुए 100 अतिरिक्त के9 वज्र-टी होवित्जर तोपों की आपूर्ति के लिए एक समझौता किया है। यह सौदा भारतीय सेना की मारक क्षमता को बढ़ाने और स्वदेशी रक्षा उत्पादन को मजबूती देने के उद्देश्य से किया गया है। नई दिल्ली स्थित दक्षिण कोरियाई दूतावास में इस समझौते पर हस्ताक्षर किए गए, जो दोनों देशों के रक्षा सहयोग को और मजबूत करेगा।

### 15 सेकंड में तीन और तीन मिनट में आठ राउंड फायर

यह तोप हर 15 सेकंड में तीन राउंड की बर्स्ट फायरिंग करने में सक्षम है और तीन मिनट में छह से आठ राउंड प्रति मिनट की अधिकतम फायरिंग दर प्राप्त कर सकती है। 1,000 हॉर्सपावर के इंजन से लैस यह तोप 67 किमी/घंटा की गति से चल सकती है। यह तोप 360 किमी तक का संचालन कर सकती है। भारतीय सेना की योजना के अनुसार, कुल के9 वज्र-टी होवित्जर की संख्या 300 तक बढ़ाई जा सकती है।



### रक्षा क्षमता बढ़ाने और भी सौदों को स्वीकृति

इसके अलावा, भारतीय सेना अपनी तोपखाने क्षमताओं को और बढ़ाने के लिए 307 एडवांस टोएड आर्टिलरी गन सिस्टम की खरीद को भी स्वीकृति दे चुकी है। यह स्वदेशी रूप से विकसित तोपें 'आत्मनिर्भर भारत' पहल के तहत बनाई गई हैं।

**ऊंचाई वाले इलाकों में तैनाती** :भारतीय सेना इन तोपों को उच्च ऊंचाई वाले क्षेत्रों में तैनात करने की योजना बना रही है, जिसके लिए विशेष तकनीकी परीक्षण किए जा रहे हैं। इसे हिमालयी क्षेत्रों में संचालन के लिए अनुकूलित किया जा रहा है, ताकि यह माइनस 30 डिग्री सेल्सियस के तापमान में भी प्रभावी बनी रहे।

### के9 वज्र-टी की क्षमताएं

बता दें कि के9 वज्र-टी, दक्षिण कोरिया की के9 थंडर का भारतीय संस्करण है, जिसे भारतीय सेना की आवश्यकताओं के अनुसार अनुकूलित किया गया है। यह 155 मिमी/52-कैलिबर की स्वचालित होवित्जर तोप है, जो विस्तारित रेंज के गोला-बारूद के साथ 50 किलोमीटर तक मार कर सकती है। इसकी उच्च गतिशीलता और फायरिंग क्षमता इसे आधुनिक युद्धक्षेत्र में अत्यधिक प्रभावी बनाती है। भारतीय सेना की फील्ड आर्टिलरी रेशनलाइजेशन प्लान के तहत, इस प्रकार की तोपों की खरीद और विकास को प्राथमिकता दी जा रही है।




हरिभूमि कम्यूनिकेशन्स प्राईवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक प्रियंक सिंह परिहार द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशन्स, रिंग रोड नं. 2, गौरवपथ, बिलासपुर (छत्तीसगढ़)-495001 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, रिंग रोड नं. 2, गौरव पथ, बिलासपुर (छत्तीसगढ़)-495001 से प्रकाशित। प्रधान संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी, स्थानीय संपादक: प्रवीण शुक्ला। RNI No. CHHHIN/2001/03764, फोन : 07752-401050, फैक्स : 07752-401052. e-mail : bilaspur@haribhoomi.com